सुविचार
योग: कर्मसु कौशलम्।
-भगवान श्रीकृष्ण

Daily
सच के हक में...
# THE PHOTON NEWS
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi

Ranchi ● Sunday, 22 June 2025 ● Year : 03 ● Issue : 157 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com


Sonam Kapoor Anand Ahuja...
12



## नौकरशाही


डॉ. ब्रजेश मिश्र

पड़ोसी राज्य बिहार में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। सत्ता पक्ष और विपक्ष एक दूसरे पर जुबानी हमले का कोई मौका नहीं छोड़ रहे। नया मुद्दा आयोगों में हुए नये नामों के चयन को लेकर बना हुआ है। ऐसे में यह सवाल है कि क्या जो वहां हो रहा है, वह यहां नहीं हो रहा। सवालों के घेरे में नौकरशाही का एक बड़ा तबका है। जानें क्या कुछ चल रहा है अंदरखाने, द फोटोन न्यूज के एग्जीक्यूटिव एडिटर की कलम से।

# ससुर जी का कोटा



गुरु गहरे चिंतन में थे। बरामदे में श्रोताओं की अच्छी-खासी भीड़ थी। माहौल देखकर लगा कि माजरा गंभीर है। कुर्सी खींचकर चुपचाप अगली पंक्ति में बैठ गया। इतने में गुरु बोले- यार! ये सब तो चलता ही रहता है। जो कहानी पड़ोसी की है, वही कहानी घर की है। बस अंतर इतना ही है कि वहां लोगों को समझ आ रही, यहां नहीं आ रही। गुरु के जवाब से साफ था कि सवाल पहले किया जा चुका था। गुरु जवाब पर मंथन की मुद्रा में थे। उत्तर सुनकर सवाल करने वाले श्रोता से कहा- सही कह रहे गुरु। सब एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं। बात समझने के लिए बीचोंबीच कूदना जरूरी था, लेकिन सामने गुरु थे। भड़कने का जोखिम उठाने की हिम्मत नहीं थी। लिहाजा बात सहमति के स्वर में शुरू की। प्रश्नकर्ता की बात पूरी होने के बाद माहौल में फैली शांति का लाभ उठाते हुए कहा- गुरु हमेशा सही कहते हैं। बात जरूर कुछ लोगों को बुरी लग जाती है।

वाक्य की पूर्णता के साथ गुरु सहित आस-पास बैठे लोगों के चेहरे पर हल्की मुस्कान आ गई। देखकर अहसास हुआ एंट्री परफेक्ट हुई है। प्रकरण तक पहुंचने के लिए बात आगे बढ़ानी थी। लिहाजा, सहजता से सवाल किया। कोई नया कारनामा हुआ है क्या गुरु मुहल्ले में?

गुरु अपनी मुस्कान समेटते हुए बोले, अरे नहीं, छोटकन कह रहा था कि पड़ोसी राज्य के आयोग गठन में ससुर का कोटा चला है। इसे यही समझाने की कोशिश कर रहा हूं कि ये कोटा तो हमेशा से चलता है। इस कोटे के चक्कर में देश में सरकार बदल गई। बिहार में बवाल मचा है। कहानी तो वनांचल में भी यही है। अंदरखाने चर्चा है कि नौकरशाही के कई सूरमा इसी कोटे से सेट हुए हैं। कौन कितना काबिल है? इससे पहले, यह जानना जरूरी है कि किसका कौन ससुर है। पिछले कुछ वर्षों तक बेटे-बेटी को सेट कराने की जिम्मेदारी मां-बाप उठाते रहे हैं। बदलते वक्त के साथ अब यह जिम्मा सास-ससुर ने उठा लिया है। कई लोग तो यह दावा कर रहे हैं कि ससुर जी का परफार्मेंस पापाजी से भी शानदार है। एक तो कागज पर नाम के साथ नाम नहीं आता, दूसरे पैरवी भी बिल्कुल बेटे जैसी होती है। जनता बेचारी यही समझती है कि साहब बड़ी मेहनत से कुर्सी तक पहुंचे हैं। असली खेल पर्दे के पीछे होता है, जिस पर हमेशा पर्दा ही पड़ा रहता है। वनांचल राज्य में एक फायदा और है। यहां राजनीति बड़ी मर्यादित है। केवल वहीं बोलती है, जहां बात सीधे-सीधे हो। कागज-पत्तर निकालकर समीकरण बिठाने की फुर्सत किसी को नहीं। गुरु की बात मस्तिष्क को झकझोर रही थी। अब सभा के बीच से चुपचाप निकल जाने में भलाई थी।

## झारखंडवासियों के इलाज में अब पैसा नहीं बनेगा बाधा : हेमंत सोरेन

**RANCHI :** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि अबुआ सरकार में झारखंडवासियों के इलाज में अब पैसा बाधा नहीं बनेगा। हर पात्र परिवार को इलाज के लिए 15 लाख तक का वार्षिक स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिलेगा। सीएम ने अपने संदेश में कहा है कि राज्य के सभी लाल, पीला और हरा राशन कार्डधारी इस योजना के अंतर्गत शामिल हैं। राज्य सरकार ने अपने दूसरे संदेश में कहा है कि नशाखोरी एक सामाजिक अभिशाप है, जो व्यक्ति को हिंसक, परिवार की आर्थिक स्थिति को बर्बाद, शरीर को बीमारियों से ग्रसित और अंत में जीवन को अंधकार में धकेल देती है। इसलिए नशे से दूरी बनाएं और अपने परिवार, समाज और भविष्य को सुरक्षित करें।



## बड़ा सवाल : अनुभवी अधिकारियों के रहते बड़े महकमे का जिम्मा युवा के हाथ क्यों

# जवाब : नैंसी को हजारीबाग में बेहतर काम का मिला इनाम

प्रसंगवश


पदभार ग्रहण करतीं नैंसी सहाय।

- कुशल प्रबंधन से किया करिश्मा, कलक्टर नहीं, बेटी बनकर चलाया जिला
- वरिष्ठ पत्रकार ने कहा, अच्छा लगता है, जिसे गोद में खेलाया, वह डीसी बन गई

**DR. BRAJESH MISHRA @ RNC :** झारखंड सरकार की ओर से हाल में किए गए बड़े प्रशासनिक फेरबदल में 2014 बैच की आईएएस नैंसी सहाय को निदेशक नगरीय प्रशासन, नगर विकास एवं आवास विभाग का दायित्व दिया गया है। प्रशासनिक गलियारे में इस की बात चर्चा बड़े जोर-शोर से है कि आखिर अनुभवी अधिकारियों की लंबी-चौड़ी लिस्ट के बीच युवा अधिकारी का चुनाव क्यों किया गया? राज्य की कार्यपालिका की कार्यप्रणाली को नजदीक से समझने वाले वरिष्ठ पत्रकार बैजनाथ मिश्र की मानें तो सरकार ने नैंसी सहाय को हजारीबाग में बतौर उपायुक्त किए गए बेहतर कार्यों का इनाम दिया है। नैंसी सहाय के नेतृत्व में हजारीबाग में रामनवमी का जुलूस साल-दर-साल सकुशल संपन्न हुआ। बतौर उपायुक्त समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर बिना किसी टकराव के उन्होंने विधि-व्यवस्था बनाए रखी। कई बार कुछ शरारती तत्वों ने माहौल बिगाड़ने की साजिश की, लेकिन समय रहते इस पर प्रभावी नियंत्रण कर लिया। लोकसभा और विधानसभा चुनाव के समय भी सत्ता पक्ष अथवा विपक्ष ने कहीं से प्रशासनिक क्रिया-कलाप पर कोई सवाल नहीं उठाया। इन सबके साथ ही स्कूली शिक्षा में जिला लगातार बेहतर होता गया। यही कारण रहा कि सरकार ने बिना किसी व्यवधान के उपायुक्त के तौर पर एक जिले में उन्हें पर्याप्त अवसर दिया। नैंसी सहाय हजारीबाग से पहले दो बार अलग-अलग अवधि के लिए देवघर की उपायुक्त बनी थीं। हालांकि, वहां उनका कार्यकाल अपेक्षाकृत छोटा रहा था, लेकिन यह कमी हजारीबाग में पूरी हो गई। ऐसा इसलिए संभव हो सका कि नैंसी ने कलक्टर बनकर नहीं, बेटी बनकर जिला चलाया। सरकार को यह कार्यप्रणाली पसंद आई।

### कठिन परिश्रम से हासिल की सफलता

वरिष्ठ पत्रकार बैजनाथ मिश्र बताते हैं कि वह नैंसी सहाय के परिवार को बेहद करीब से जानते हैं। यह परिवार उनका पड़ोसी रहा है। बचपन में नैंसी सहाय उनकी गोद में खेली हैं। अच्छा लगता है, जिस बेटी को गोद में उठाया, वह डीसी बनकर अपने कुशल प्रबंधन से अपना नाम रोशन करे। उन्होंने बताया कि साधारण पृष्ठभूमि से निकलकर नैंसी ने असाधारण उपलब्धियां प्राप्त की। कठिन परिश्रम की बदौलत यूपीएससी की परीक्षा में सफलता हासिल की। नैंसी सहाय की प्रारंभिक शिक्षा रांची के लोरेटो कॉन्वेंट स्कूल से हुई है। उसके बाद उन्होंने बीआईटी मेसरा से इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री प्राप्त की है। तकनीकी पृष्ठभूमि से होने के बावजूद उन्होंने प्रशासनिक सेवा को अपना लक्ष्य बनाया और अपने दृढ़ निश्चय के साथ सफलता भी प्राप्त की। नैंसी के माता-पिता शिक्षा और पत्रकारिता के क्षेत्र से जुड़े रहे हैं। पति वरुण रंजन राज्य के तेज-तर्रार आईएएस हैं। वह साहिबगंज, पाकुड़, धनबाद, रांची जैसे बड़े जिलों के उपायुक्त रह चुके हैं। हालिया पदस्थापना में उन्हें भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है।

**नैंसी को मिलेगा कार्य करने का बेहतर अवसर :** विशेषज्ञों की मानें तो नैंसी के पास बतौर डायरेक्टर नगर विकास विभाग में बेहतर कार्य करने का मौका होगा। उनकी मौजूदा कार्यप्रणाली उन्हें भविष्य में और नई जिम्मेदारियों के लिए तैयार करेगी।

| SARAFA | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 9,415 |
| चांदी | : | 120.00 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

## BRIEF NEWS

### हेमंत ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर दी बधाई

**RANCHI :** शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बधाई और शुभकामनाएं दी है। सोरेन ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा कि प्रकृति के साथ एकात्मता, संयम और सहजता, यही हमारी संस्कृति है और यही योग का वास्तविक स्वरूप भी है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सभी को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार।

### ईडी के उप-निदेशक की वापस कर दी गई सेवा

**RANCHI :** केंद्र सरकार ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) रांची में पदस्थापित उप-निदेशक ऋषिकेश पांडेय की सेवा उनके पैतृक विभाग में वापस कर दी है। उनका पैतृक विभाग आयकर है। उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय में चार साल तक अपनी सेवा दी। रांची स्थित ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय में वह दो साल से अधिक समय तक पदस्थापित रहे। इस अवधि में उन्होंने कई महत्वपूर्ण मामलों की समीक्षा की। साथ ही जांच पूरा होने के बाद उनके दिशा-निर्देश के आलोक में पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश की अदालत में आरोप पत्र दायर किया गया।

### नकली नोट छापने की फैक्ट्री का हुआ खुलासा

**JABALPUR :** पुलिस ने करीब 18 लाख रुपये के नकली नोट खपाने की साजिश रच रहे गिरोह का खुलासा किया है। इस गिरोह का मास्टरमाइंड ऋतुराज विश्वकर्मा किराए के मकान में ही नकली नोटों की छपाई का कारखाना चला रहा था। पुलिस ने मामले में अब तक 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक फरार है। गिरोह पूरे मध्य प्रदेश में जाली नोट खपाने की तैयारी में था, जिसमें उन्हें भारी कमीशन के बदले नकली नोट असली नोटों में बदलवाने का नेटवर्क खड़ा करना था। दरअसल, हनुमानताल पुलिस ने को मुखबिर की सूचना पर सबसे पहले रवि दाहिया (55) को मदार टेकरी के पास से गिरफ्तार किया था। उसके पास से 2 लाख 94 हजार रुपए के 500-500 रुपए के नकली नोट बरामद हुए थे। पूछताछ में रवि ने बताया कि ये नोट उसे आधारताल निवासी ऋतुराज विश्वकर्मा से मिले थे।

## पीएम मोदी ने करीब 3 लाख लोगों के साथ किया योग, बोले

# योग सभी का और सभी के लिए

**NEW DELHI @ PTI :** शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के बंदरगाह शहर विशाखापत्तनम में योग दिवस कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने यहां करीब तीन लाख लोगों और 40 देशों के राजनयिकों के साथ साथ योग किया। पीएम के साथ आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और डिप्टी सीएम पवन कल्याण ने भी योग किया। समारोह में पीएम मोदी ने योग के माध्यम वैश्विक शांति और सद्भावना कायम करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय योग की महिमा पृथ्वी के हर कोने तक पहुंच गई है। योग की शक्ति मानवता के वास्ते स्वास्थ्य और शांति का प्रतीक बन चुकी है। उन्होंने कहा कि चाहे सिडनी ओपेरा हाउस की सीढ़ियां हों, एवरेस्ट की चोटियां हों या समुद्र का विस्तार। हर जगह संदेश एक ही है - योग सभी का है और सभी के लिए है। यह आत्मा की ध्वनि का संचार है। योग की वैश्विक स्वीकृति सिर्फ प्रतीकात्मक नहीं है, बल्कि यह मानव कल्याण के लिए एक संयुक्त प्रयास है। इंडियन काउंसिल फॉर कल्चर रिलेशन्स के मुताबिक, 191 देशों में 1300 जगहों पर 2000 से ज्यादा योग कार्यक्रम हुए।

### आज 11वीं बार पूरा विश्व 21 जून को एक साथ कर रहा योग : प्रधानमंत्री

- तनाव के वातावरण में वैश्विक शांति और सद्भावना कायम करने पर दिया जोर
- मानवता के वास्ते शांति और प्रसन्नता का आधार बनकर उभरी है योग की शक्ति
- आइए, हम सब मिलकर बनाएं एक जन आंदोलन, ताकि एक सूत्र में पिरोने का माध्यम बने योग
- योग की वैश्विक स्वीकृति सिर्फ प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि मानव कल्याण के लिए एक संयुक्त प्रयास

> इंडियन काउंसिल फॉर कल्चर रिलेशन्स के मुताबिक, 191 देशों में 1300 जगहों पर 2000 से ज्यादा हुए योग कार्यक्रम
>
> उत्तराखंड की राजधानी देहरादून स्थित पुलिस लाइन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने किया योग
>
> भारतीय सेना ने चीन से लगती सीमा पर मनाया 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस





#### बढ़ता मोटापा चुनौती

प्रधानमंत्री ने कहा कि बढ़ता मोटापा पूरी दुनिया के लिए एक चुनौती है। मैंने मन की बात कार्यक्रम में इस पर विस्तार से चर्चा की थी। इसके लिए अपने खाने में 10 प्रतिशत तेल कम करने का चैलेंज भी शुरू किया था। मैं एक बार फिर दुनियाभर के लोगों को इस चैलेंज से जुड़ने का आह्वान करता हूं।

#### हमारे साथ खड़े हुए 175 देश

पीएम ने कहा, मैं बीते एक दशक में योग की यात्रा को जब देखता हूं, तो बहुत कुछ याद आता है। वो दिन जब संयुक्त राष्ट्र में भारत ने प्रस्ताव रखा कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रुप में मान्यता मिले और तब कम से कम समय में दुनिया के 175 देश हमारे इस प्रस्ताव के साथ खड़े हुए। आज की दुनिया में ऐसी एकजुटता, ऐसा समर्थन सामान्य घटना नहीं है। प्रधानमंत्री ने बताया कि इस वर्ष के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का विषय है 'एक पृथ्वी के लिए योग, एक स्वास्थ्य के लिए योग'।

## 26 जून तक राज्य के कई जिलों में होगी बारिश

# 3 दिनों के बाद साफ हुआ मौसम आम जन-जीवन को मिली राहत

**PHOTON NEWS RANCHI :** शनिवार को झारखंड के विभिन्न जिलों में मौसम साफ होने से आम जनजीवन को राहत मिली। राजधानी रांची और आसपास के इलाकों में शनिवार की सुबह से मौसम आंशिक रूप से साफ हुआ। बाद में बादल हटने से हल्की धूप भी निकली। इधर, मौसम विभाग के अनुसार 26 जून तक राज्य के विभिन्न जिलों में गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरने और हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। वहीं कुछ इलाकों में भारी बारिश होने की भी आशंका है। पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश रांची के मंदार में 210.2 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। इस दौरान सबसे अधिक अधिकतम तापमान डालटेनगंज में 29.6 डिग्री, और लातेहार में 21.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## सर्विस राइफल से चली गोली, जवान की मौत

**HAZARIBAGH :** शनिवार को हजारीबाग के कटकमदाग थाना क्षेत्र के बानादाग साइडिंग में एक हादसे में स्टेट इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स (एसआईएसफ) के जवान मिथलेश यादव की मौत हो गई। मिथलेश यादव झारखंड के गढ़वा जिले के रहने वाले थे। एसआईएसफ के डिप्टी एसपी साजिद ने बताया कि मिथलेश यादव ड्यूटी पर तैनात थे। वे पैर फिसलने से गिर पड़े और इस दौरान उनकी सर्विस राइफल से अचानक गोली चल गई। गोली उन्हीं को लगी, जिससे मौके पर ही मिथलेश की मृत्यु हो गई। मृतक के बड़े भाई अमरेश कुमार यादव भी इसी कंपनी में कार्यरत हैं और वर्तमान में बड़कागांव में तैनात हैं। उन्हें बताया गया कि बारिश के कारण फिसलने से मिथलेश गिरे और गोली चलने से उनकी जान चली गई।

## सीजीएल पेपर लीक : कई आरोपी सरकारी सेवा में, इसलिए अभियोजन की स्वीकृति जरूरी

# आरोपियों के खिलाफ चलेगा केस, मांगी गई मंजूरी

**PHOTON NEWS RANCHI :** क्रिमिनल इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट (सीआईडी) ने जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पेपर लीक (साल 2024) मामले में लगभग आधा दर्जन से ज्यादा आरोपियों के खिलाफ अभियोजन की मंजूरी मांगी है। केस के जांच अधिकारी (केस आईओ) ने कोर्ट को यह जानकारी दी है कि कई आरोपी सरकारी सेवा में हैं, इसलिए उनके विरुद्ध केस चलाने के लिए अभियोजन स्वीकृति ली जा रही है। अभियोजन स्वीकृति मिलने के बाद कोर्ट सीआईडी की चार्जशीट पर संज्ञान ले सकता है।

### स्वीकृति मिलने के बाद जांच एजेंसी की चार्जशीट पर कोर्ट ले सकता है संज्ञान

- पिछले वर्ष 21 और 22 सितंबर को राज्य के सभी जिलो में तीन पालियों में हुई थी परीक्षा
- धोखाधड़ी और दिग्भ्रमित करके प्रश्नपत्र देने के नाम पर धन उगाही का मामला आया था सामने

### सीआईडी ने दाखिल की है दो चार्जशीट, सबूत भी किए पेश

गौरतलब है कि जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा पेपर लीक केस में सीआईडी ने दो चार्जशीट दाखिल की है। पहली चार्जशीट सीआईडी ने अपनी जांच पूरी करते हुए गौरव कुमार और अभिलाष कुमार के विरुद्ध दाखिल कर दी है। दूसरी चार्जशीट में संदीप त्रिपाठी, मनोज कुमार, आईआरबी के निलंबित जवान कुंदन कुमार, कुंदन कुमार के साथ मिलकर एजेंट का काम करने वाले रामनिवास राय, रामनिवास के भाई निवास राय, रामनिवास के भतीजे कविराज उर्फ मोटू, रॉबिन कुमार, अखिलेश कुमार, विवेक रंजन, कौशलेंद्र उर्फ राहुल कुमार और कृष्णा स्नेही के नाम शामिल हैं। सीआईडी ने सभी आरोपियों के खिलाफ वैज्ञानिक साक्ष्य और अन्य सबूत भी कोर्ट में पेश किए हैं।

## समस्या : पढ़े-लिखे बेरोजगारों की संख्या का बढ़ना चिंता का बड़ा सबब

# एआई और मशीन लर्निंग क्षेत्र में बढ़ रहे रोजगार के अवसर

**PHOTON NEWS @ RESEARCH DESK :** बेशक आज के समय में देश में बेरोजगारी प्रमुख समस्याओं में शामिल है। पढ़े-लिखे बेरोजगारों की संख्या लगातार बढ़ रही है। हम जानते हैं कि भारत में आज भी सबसे बड़ा रोजगार क्षेत्र कृषि और संबद्ध गतिविधियां हैं। लगभग 51 प्रतिशत आबादी कृषि क्षेत्र में किसी न किसी रूप में कार्यरत है। कृषि क्षेत्र को प्राथमिक क्षेत्र में शामिल किया गया है और यह भारत में सबसे अधिक रोजगार प्रदान करता है। इससे इतर हाल में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग के क्षेत्र में 25 प्रतिशत नौकरियां बढ़ने की बात कही गई है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी ( सीएमआईई) की हाल में जारी रिपोर्ट के अनुसार, शहरी बेरोजगारी दर में कमी आई है, जो फरवरी में 7.93 प्रतिशत हो गई, जबकि पिछले महीने यह 8.55 प्रतिशत थी। इसके विपरीत, ग्रामीण बेरोजगारी दर 6.48 प्रतिशत से बढ़कर 7.23 प्रतिशत हो गई। भारत की समग्र बेरोजगारी दर में भी वृद्धि देखी गई, जो जनवरी में 7.14 प्रतिशत से बढ़कर फरवरी में 7.45 प्रतिशत हो गई।

### सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपेक्षा के अनुरूप युवाओं को नहीं मिल रही नौकरी

### सीएमआईई की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, शहरी बेरोजगारी दर में आई कमी

- आज भी 51% आबादी कृषि क्षेत्र में किसी न किसी रूप में है कार्यरत
- रोजगार की दृष्टि से कृषि को प्राथमिक क्षेत्र में किया गया है शामिल
- खुदरा, दूरसंचार, बैंकिंग व फाइनेंस क्षेत्र की नियुक्तियों में 8-9 फीसद की आई गिरावट



पीएलएफएस के नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल 2025 के 5.1% से बढ़कर मई में 5.6% हो गई बेरोजगारी दर

#### हरित क्षेत्र में 2028 तक 73 लाख रोजगार होंगे सृजित

एनएलबी सर्विसेज के अनुसार, भारत के हरित क्षेत्र में 2027-28 तक 72.9 लाख नौकरियां जुड़ने की उम्मीद है। इसमें हरित तकनीक क्षमताओं के निर्माण में तेजी से निवेश हो रहा है। नए रोजगार का अधिकांश हिस्सा नवीकरणीय ऊर्जा, कचरा प्रबंधन, ई-वाहन, टिकाऊ वस्त्र और हरित निर्माण जैसे उद्योगों से आएगा।

#### हैदराबाद और कोच्चि में नौकरियां बढ़ीं

पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे (पीएलएफएस) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, भारत की बेरोजगारी दर अप्रैल 2025 के 5.1 प्रतिशत से बढ़कर मई में 5.6 प्रतिशत हो गई। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग (एआई/एमएल) क्षेत्र में सालाना आधार पर भर्तियों में 25 फीसदी की तेजी आई है। सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र (आईटी) में नौकरियां सालाना आधार पर पांच फीसद घटी हैं।? नौकरी जॉबस्पीक की रिपोर्ट के अनुसार, महानगरों में एआई/एमएल में भर्ती की रफ्तार बनी रही। वरिष्ठ पेशेवरों की मांग भी स्थिर रही। यह रुझान पिछले एक साल से स्थिर है। मई 2025 में समग्र भर्ती स्थिर रही। हालांकि रियल एस्टेट (5 फीसदी) और बीमा (6 फीसदी) जैसे उद्योग में ठीक-ठाक तेजी रही।

## केदारनाथ हेली सेवा 7वें दिन भी ठप, बिना दर्शन किए वापस लौटे श्रद्धालु

**RUDRAPRAYAG :** गुप्तकाशी, फाटा और शेरसी से सातवें दिन भी केदारनाथ के लिए हेलीकॉप्टर सेवा संचालित नहीं हो सकी। इससे बाबा केदारनाथ के दर्शन की आकांक्षा लेकर पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालु बिना दर्शन किए ही लौटने को मजबूर हो गए। केदारनाथ हेलीकॉप्टर सेवा के नोडल अधिकारी राहुल चौबे ने बताया कि खराब मौसम के चलते हेलीकॉप्टर ने उड़ान नहीं भरी। उन्होंने बताया कि रविवार को सभी हेली कंपनियों के वापस लौटने की संभावना है। शनिवार को सुबह से ही केदारनाथ सहित केदारघाटी में हल्का कोहरा छाया रहा, जिस कारण गुप्तकाशी से ट्रांस भारत, फाटा व शेरसी से पवन हंस, ग्लोबल वेक्ट्रा, हिमालयन हेली और एरो हेली कंपनी के हेलिकॉप्टर ने उड़ान नहीं भरी। इस दौरान इन कंपनियों के पास कुल 658 टिकट बुक थीं, जिन्हें रद्द कर दिया गया।

## डीजीसीए ने एयरलाइन से 10 दिन में मांगी रिपोर्ट

# विमान हादसा : एयर इंडिया के 3 अफसरों को हटाने का आदेश

**AGENCY AHMEDABAD :** शनिवार को अहमदाबाद हादसे के बाद डीजीसीए ने एयर इंडिया को 3 अफसरों को हटाने का आदेश दिया। इनमें डिविजिनल वाइस प्रेसिडेंट चूड़ा सिंह, क्रू शेड्यूलिंग करने वाली चीफ मैनेजर पिंकी मित्तल और क्रू शेड्यूलिंग की प्लॉनिंग से जुड़ी पायल अरोड़ा शामिल हैं। तीनों अफसरों के खिलाफ यह कार्रवाई एविएशन सेफ्टी प्रोटोकॉल के गंभीर उल्लंघन को लेकर की गई। डीजीसीए ने एयर इंडिया को तत्काल प्रभाव से इन्हें क्रू शेड्यूलिंग और रोस्टरिंग से जुड़े रोल से हटाने का आदेश दिया। उधर, एयर इंडिया ने कहा कि डीजीसीए के आदेश को लागू कर दिया गया है। कंपनी के चीफ ऑपरेशन्स ऑफिसर अगले आदेश तक इंट्रीग्रेटेड ऑपरेशन्स कंट्रोल सेंटर की सीधी निगरानी करेंगे। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, आदेश 20 जून को दिया गया था, जो आज सामने आया। यह फैसला 12 जून को हुए प्लेन क्रैश हादसे के बाद लिया गया।

- एविएशन सेफ्टी प्रोटोकॉल के गंभीर उल्लंघन को लेकर की गई कार्रवाई

# उत्तराखंड की गोद में छोटा-सा स्वर्ग 'बिनसर'

**घुमक्कड़ की पाती**

**हमने अपनी तीन दिन की यात्रा की शुरूआत दिल्ली से तड़के सुबह 5 बजे की। कुल दूरी लगभग 380 किलोमीटर है, जिसे तय करने में 10-11 घंटे लगते हैं। हमने गाड़ी से जाना तय किया था, ताकि रास्ते में मनचाही जगह रुक सकें। रास्ते में गाज़ियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद होते हुए रामनगर तक पहुँचे। रामनगर के पास से जंगलों की हरियाली शुरू हो जाती है और वातावरण में एक नई ताजगी महसूस होती है। हमने हल्द्वानी में दोपहर का भोजन किया, गरमागरम आलू के पराठे और दही, जो पहाड़ की सादगी से मेल खाते थे। हल्द्वानी से आगे बढ़ते ही पहाड़ी रास्ते शुरू हो गए। रास्ता घुमावदार था, लेकिन प्रकृति के नजारे इतने लुभावने कि थकान महसूस नहीं हुई। अल्मोड़ा के पास पहुँचते-पहुँचते शाम हो चुकी थी। अल्मोड़ा से बिनसर करीब 30 किलोमीटर दूर है, लेकिन यह रास्ता जंगलों से होकर गुजरता है और सूरज ढलने के बाद हल्की धुंध और ठंड बढ़ जाती है। रात लगभग 7 बजे, हम बिनसर के एक सुंदर होमस्टे 'हिमालय विस्टा रिट्रीट' पहुँचे। लकड़ी से बना वह कॉटेज वातावरण से पूरी तरह मेल खाता था। होमस्टे के मालिक ने गर्म अदरक वाली चाय और स्थानीय मडुवे की रोटी के साथ पालक का साग परोसा, बेहद स्वादिष्ट और आत्मीय।**



यह स्थान हिमालय की गोद में, समुद्र तल से लगभग 2,420 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है। शांति, प्रकृति और हिमालय के विराट दर्शन की चाह रखने वालों के लिए बिनसर एक आदर्श स्थान है। बिनसर का प्रमुख आकर्षण है, इसका वाइल्डलाइफ सैंक्चुअरी, जहाँ तरह-तरह के पक्षी, जानवर और वनस्पति देखने को मिलते हैं। यहां से त्रिशूल, नंदा देवी, पंचचूली जैसे हिमालयी शिखरों का अद्भुत नजारा दिखता है। ह्यजीरो प्वाइंटह्न नामक स्थान से आप हिमालय की 300 किलोमीटर चौड़ी पर्वतमाला का विहंगम दृश्य देख सकते हैं। इसके अतिरिक्त बिनसर की हवाओं में एक ठंडक और शांति है, जो शहरी जीवन के शोरगुल से दूर आत्मा को गहराई से छू जाती है।

हमने अपनी तीन दिन की यात्रा की शुरूआत दिल्ली से तड़के सुबह 5 बजे की। कुल दूरी लगभग 380 किलोमीटर है, जिसे तय करने में 10-11 घंटे लगते हैं। हमने गाड़ी से जाना तय किया था, ताकि रास्ते में मनचाही जगह रुक सकें। रास्ते में गाज़ियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद होते हुए रामनगर तक पहुँचे। रामनगर के पास से जंगलों की हरियाली शुरू हो जाती है और वातावरण में एक नई ताजगी महसूस होती है। हमने हल्द्वानी में दोपहर का भोजन किया, गरमागरम आलू के पराठे और दही, जो पहाड़ की सादगी से मेल खाते थे।

हल्द्वानी से आगे बढ़ते ही पहाड़ी रास्ते शुरू हो गए। रास्ता घुमावदार था, लेकिन प्रकृति के नजारे इतने लुभावने कि थकान महसूस नहीं हुई। अल्मोड़ा के पास पहुँचते-पहुँचते शाम हो चुकी थी। अल्मोड़ा से बिनसर करीब 30 किलोमीटर दूर है, लेकिन यह रास्ता जंगलों से होकर गुजरता है और सूरज ढलने के बाद हल्की धुंध और ठंड बढ़ जाती है। रात लगभग 7 बजे, हम बिनसर के एक सुंदर होमस्टे 'हिमालय विस्टा रिट्रीट' पहुँचे। लकड़ी से बना वह कॉटेज वातावरण से पूरी तरह मेल खाता था। होमस्टे के मालिक ने गर्म अदरक वाली चाय और स्थानीय मडुवे की रोटी के साथ पालक का साग परोसा, बेहद स्वादिष्ट और आत्मीय।

रात को आकाश तारों से भरा हुआ था। शहर में इतने सितारे एक साथ देखना असंभव है। यही तो खास बात है बिनसर की, शुद्ध हवा, सन्नाटा और तारों भरा आकाश। सुबह की चाय के साथ पक्षियों की चहचहाहट ने नींद को अलविदा कहा। आज हमारा दिन बिनसर की वाइल्डलाइफ सैंक्चुअरी और 'जीरो प्वाइंट' को समर्पित था। सैंक्चुअरी में प्रवेश करने के लिए पर्यटक शुल्क देना होता है, लेकिन निजी वाहन कुछ दूरी तक ही ले जा सकते हैं। हम लगभग 3 किलोमीटर की ट्रेकिंग करते हुए घने जंगलों के बीच जीरो प्वॉइंट तक पहुँचे। रास्ते में कस्तूरी मृग, बार्किंग डियर, रेड फॉक्स और कई प्रकार के पक्षियों की झलक मिली।

यदि आप भी जाना चाहते हैं तो आपको बता दूं कि यह एक शांत, हरा-भरा और खूबसूरत हिल स्टेशन है, जो विशेष रूप से बिनसर वाइल्डलाइफ सैंक्चुरी के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ ठहरने के लिए कई आरामदायक विकल्प मौजूद हैं, जो हर बजट के यात्रियों के लिए उपयुक्त हैं। बिनसर में आपको ईको-फ्रेंडली रिजॉर्ट्स, गेस्ट हाउस, और होमस्टे आसानी से मिल जाते हैं। **KMVN** (कुमाऊँ मंडल विकास निगम) का टूरिस्ट रेस्ट हाउस यहाँ का लोकप्रिय और बजट-अनुकूल विकल्प है। इसके अलावा **GRAND OAK MANOR, BINSAR FOREST RETREAT,** और **THE KUMAON** जैसे लक्जरी रिसॉर्ट्स भी हैं, जो प्रकृति के बीच शानदार अनुभव देते हैं। बिनसर एक छोटा इलाका है, इसलिए यहां बहुत अधिक रेस्तरां नहीं हैं। अधिकतर रिसॉर्ट्स और होमस्टे में ही भोजन की व्यवस्था होती है, जहाँ आपको स्थानीय कुमाऊंनी भोजन के साथ-साथ उत्तर भारतीय, दक्षिण भारतीय और कॉन्टिनेंटल खाना भी मिल जाता है। कुछ जगहों पर ऑर्गेनिक फूड भी परोसा जाता है। बिनसर में ठहरने और खाने का अनुभव आपको सादगी, स्वाद और प्राकृतिक शांति का अनूठा संगम देता है। दोपहर के भोजन के बाद हमने वापसी की राह पकड़ी। लौटते समय भी रास्ते में प्रकृति की सुंदरता हमारा साथ देती रही, मानो बिनसर हमें फिर आने का न्योता दे रहा हो। रात करीब 9 बजे हम दिल्ली पहुँचे -थके हुए लेकिन मन और आत्मा से पूर्ण रूप से ताजगी से भरे। बिनसर की यह तीन दिन की यात्रा केवल एक पर्यटन नहीं थी, यह प्रकृति के साथ एक आत्मिक संवाद था। यहाँ की शांति, हरियाली, स्वच्छ वायुमंडल और हिमालय का दर्शन मन को गहराई तक सुकून देते हैं। अगर आप शहरी जीवन की आपाधापी से दूर कुछ सुकून भरे पल जीना चाहते हैं, तो बिनसर अवश्य जाएँ। यह जगह आपको न केवल बाहरी, बल्कि भीतरी शांति भी देगी।

संजय शेफर्ड
नई दिल्ली

## भट्ट की चुरकानी-रसभरी की चटनी

जीरो प्वॉइंट पर पहुँचते ही जो दृश्य दिखा, वह अविस्मरणीय था। सामने नंदा देवी, त्रिशूल और पंचचूली की हिमाच्छादित चोटियाँ, जिन पर सूरज की किरणें सुनहरी चादर बिछा रही थीं। वहां खड़े होकर कुछ पल सांस रोक कर केवल प्रकृति को महसूस किया। दोपहर बाद हम वापस लौटे और सैंक्चुअरी के किनारे बने ह्याकुमाऊँ कैफेह्न में -भट्ट की चुरकानी, आलू के गुटके और रसभरी की चटनी खाई -एकदम स्थानीय स्वाद, अनोखा और मन को छू लेने वाला। शाम को हमने गाँव में टहलते हुए स्थानीय लोगों से बातचीत की। वहाँ के लोग सीधे, आत्मीय और बेहद मिलनसार थे। उन्होंने हमें बिनसर के पुराने मंदिरों के बारे में बताया, जैसे बिनसर महादेव मंदिर, जो बिनसर से थोड़ी दूरी पर है। रात को हमने अलाव के चारों ओर बैठकर कुछ स्थानीय लोकगीत भी सुने, जो होमस्टे के स्टाफ ने गाए। यह अनुभव यात्रा को आत्मीयता से भर देता है।

## कसार मंदिर की चुंबकीय ऊर्जा

तीसरे दिन सुबह हमने बिनसर को अलविदा कहने से पहले एक बार फिर बालकनी से हिमालय की ओर देखा। ऐसा लगा मानो पर्वत भी हमें विदा कर रहे हों। हमने तय किया कि वापसी से पहले अल्मोड़ा शहर का संक्षिप्त भ्रमण किया जाए। वहाँ के प्रसिद्ध चौघानपाटा बाजार में कुछ स्थानीय ऊनी वस्त्र और हर्बल चाय खरीदी। इसके बाद कसार देवी मंदिर गए, जो एक ऊँचाई पर स्थित शांत और दिव्य स्थान है। माना जाता है कि यहाँ की चुंबकीय ऊर्जा नासा द्वारा भी प्रमाणित की गई है। वहाँ से पूरे अल्मोड़ा नगर और घाटियों का दृश्य मन मोह लेने वाला था।

SCAN ME

1. हमें अपना फीडबैक, सुझाव या टिप्पणियां देने के लिए दिए गए बार कोड को स्कैन करें या मेल करें।
2. आप हमें अपनी रचनाएं, कविता या आलेख भी भेज सकते हैं। जिसे हम अपने आने वाले अंक पर प्रकाशित करेंगे।

Email- thephotonnewsjharkhand@gmail.com

सविता सिंह मीरा
जमशेदपुर

## जब भी खोलूँ मैं अपने द्वार

जब भी खोलूँ खिड़की द्वार,
दिखे नभ मेघ का प्रणय अपार।

करते दोनों लुका छिपी,
रहते मिल के हँसी खुशी।

बादल के झुँड को देखती,
बना लेती फिर कोई आकृति,

उनके साथ में खेलती,
लगते हैं वे मेरे संगी साथी ।

रिश्ता है मेरा कुछ उनसे खास
पल में लगता आ गए पास।

लागे मुझे कालिदास का मेघ,
जिसने बदल कर उनका भेष,

भेजा है बना अपना दूत
ना जाने कहाँ हो गया विलुप्त?

लगता है कि वह बरस गया,
या ओस की बूँदों में ठहर गया।

भर जाते हैं मेरे जज्बात,
जब भी देखूँ ओस की बूंदें

या खिली पूर्णिमा की चाँद
स्वरित हो जाते हैं वो स्यात्।

प्रकृति से मेरा यह प्यार
देता मुझको खुशियाँ अपार।

**व्यंग्य ■ बर्बरीक**

# 'जाने से पहले'

दिलीप कुमार

पत्नीजी गर्मी की छुट्टियों में मायके जाने लगीं। साले साहब लेने आए थे और उस पर तुर्रा यह था कि चारपहिया से लेने आए थे। बरसों पहले एम्बेसडर से ब्याह कर मेरे घर आई पत्नी अब स्कार्पियो से मायके जा रही थी। ये और बात है कि मेरी मोटरसाइकिल भी ईएमआई पर चल रही थी।

बाहर गाड़ी में सब सामान रखा जा चुका था और बच्चे भी गाड़ी में बैठ गए थे। साले साहब कार का हॉर्न जल्दी चलने के लिए बजाते ही जा रहे थे, आखिर नई स्कार्पियो जो ठहरी। पर मेरी पत्नी इतनी आसानी से कोई सफर शुरू कर दे तो फिर कहना ही क्या?

मुझे कहना ही पड़ा 'अरी भागवान, अब निकलो भी। तुम्हारा भाई कब से हॉर्न पे हॉर्न दिए जा रहा है। सफर का सब सामान ठीक से रख लिया है ना?'

'मैंने तो सब सामान ठीक से रख लिया है, पर आप मेरे जाते ही घर को कबाड़खाना मत बना लेना। पिछली बार तुमने टांड़ पर पांच-सात बोतलें ये समझ कर फेंक दी थी कि उन पर मेरी कभी नजर नहीं पड़ेगी। अबकी बार ऐसा हुआ तो सारी पियक्कड़ी भुलवा दूंगी', उसने आंखें तरेरते हुए कहा।

'अरे नहीं, अबकी ऐसा कुछ नहीं होगा। मैं घर का ख्याल बिल्कुल उसी तरह रखूंगा जैसे तुम रखती हो। काम वाली बाई से मैं सब चीजें साफ करवा कर रखूंगा। उसे कुछ रुपये एक्स्ट्रा दे दूंगा तो सब चकाचक रखेगी', मैंने पत्नी जी को आश्वासन दिया।

'उसे तनख्वाह मैं दे चुकी हूं। उसे एक्स्ट्रा पैसे देने की कोई जरूरत नहीं है। रुपया और लाड़-प्यार उस पर निछावर मत करो। उसका काम ही सफाई है, तो वह कर ही देगी बिना तुम्हारे प्यार जताए भी। अलग से लाड़-प्यार उड़ेलने की कोई जरूरत नहीं है उस पर, पत्नी ने निर्विकार स्वर में कहा।

उसके इस हमले से मैं असहज हो गया। मैंने बात संभालने की सोची और माहौल बनाते हुए पूछा झ

'क्या उल्टा-सीधा कहे जा रही हो? मेरी-तुम्हारी उम्र थोड़े ना है ये सब बातें करने की?

'छिछोरेपन का उम्र से क्या लेना-देना। मैं कभी ऐसी नहीं थी तुम हमेशा से ऐसे ही थे। मौका मिलते ही मुंह... 'ये कहते हुए उसने बात अधूरी छोड़ दी। भले ही उसने अपनी बात अधूरी छोड़ दी थी, मगर उसकी बात का मैं पूरा मतलब समझ गया था। उसके जाने से मुझे खुशी तो हो रही थी, मगर जाने से पहले मुझ पर लगाई गई उसकी इस तोहमत से क्रोध के मारे मेरी आंखों में खून उतर आया था। मैंने उसे आग्नेय नेत्रों से घूरा।

मगर मेरे नैनों के क्रोध भरे बाणों से अप्रभावित होते हुए पत्नीजी ने कहा

'क्रोध से आंखें जलाने की कोई जरूरत नहीं है। अभी तुम घूर रहे हो तो मैंने देख लिया, मैं घुरूंगी तो तुम तो मेरा गुस्सा देख भी नहीं पाओगे, क्योंकि चश्मा तुम्हारा फ्रिज के ऊपर रखा है। चश्मा, चश्मे के केस में ही रखना और फ्रिज के ऊपर ही रखना, जिससे इधर-इधर खोजने के लिए भटकना न पड़े। और चश्मे से याद आया कि सुबह-सुबह ब्रश करने के बाद चश्मा लगाते ही अखबार मत खोजने लगना, हमारा पेपरवाला देर से आता है। पेपर पता करने के बहाने सुबह-सुबह पड़ोसियों के घर खींस निपोरने मत पहुंच जाना। हमारा पेपर और पेपरवाला भी सबसे अलग है। हमारे घर हिंदी का अखबार आता है, पड़ोस में सभी के घरों में अंग्रेजी का अखबार आता है। और अंग्रेजी पेपर तुम्हारे लिए चश्मे जैसा है, न तो तुम चश्मे के बिना पढ़ सकते हो और न ही अंग्रेजी पढ़ सकते हो। इसलिए अपनी बेइज्जती मत करवाना सुबह - सुबह।

मैं कुछ कड़वा बोलने ही वाला था कि उसके पहले ही उसने अपनी बातों का गियर बदलते हुए कहा झ

'तुम्हारी सारी बनियान और अंडरवियर कबर्ड के ऊपरी खाने में एक जगह तह करके रख दी है। तुम्हारे अंडरगारमेंट्स का नम्बर 95 है। देख-भाल कर ही पहनना। बच्चों की न पहन लेना। पिछली बार तुमने बच्चों की चड्डी-बनियान पहन ली थी। तुम्हारी तोंद और चौखटे जैसी कमर पर पहनने की वजह से बच्चों के चड्डी-बनियान ढीले होकर झोला हो गए। इसलिए अपनी चीजों पर ही फोकस रखा करो, दूसरों की चीजों पर नहीं। फिर चाहे वो अपने कपड़े हों या अपनी पत्नी' यह कहते हुए पत्नी कुटिलता से हंसी।

उसके इस व्यंग्य बाण से मैं बुरी तरह से आहत हो गया। मैंने उससे आर या पार पूछने का निर्णय किया। उसकी बातों से मैं क्रोध से उबलने लगा था ।

मेरे तमतमाये चेहरे को देखकर वह निर्विकार स्वर में बोली-

'बेकार में खून जलाकर अपना ब्लड प्रेशर बढ़ाने की कोई जरूरत नहीं है। तुम्हारी सब मेडिकल रिपोर्ट्स नार्मल हैं। बार-बार उस लेडी डॉक्टर अल्का गुप्ता को दिखाने की जरूरत नहीं है। वैसे भी वह गायनकालोजिस्ट है। महिलाओं के जच्चा-बच्चा का इलाज करती है, मर्दों के बीपी-शुगर का नहीं, जो एक रुपये का सरकारी पर्चा बनवा कर आधे दिन उसे निहारने में गुजार देते हो'।

मैं हैरान रह गया कि मेरे इलाज की इतनी महीन बात इसे कैसे पता? इसका तो बरसों से पढ़ाई-लिखाई से कोई नाता ही नहीं रहा है।

वह मेरी मनोदशा भांप कर बोली-

'बहुत हैरान-परेशान होने की जरूरत नहीं है कि यह सब मुझे कैसे पता? यह सब तिवाराइन चाची ने बताया है। उनकी छोटी बहू प्रेग्नेंट है। वह डॉक्टर अल्का गुप्ता को रेगुलर दिखाने जाती हैं आजकल। डाक्टरनी ने बताया कि एक अधेड़ उम्र के मोटे से और गंजे अंकल हैं जो हर तीसरे दिन बेवजह उन्हें दिखाने चले आते हैं। उस आईटॉनिक के तलबगार से वह डाक्टरनी बहुत इरीटेट हो जाती है। उस यंग डाक्टरनी ने मोटा-गंजा अंकल तुम्हे ही कहा है। जानते हो, वही तिवाराइन चाची, जिनसे तुम इतनी गप्पें लड़ाते हो और उन्हें अपना हमदर्द समझते हो। अब वही चाची डॉक्टर अल्का की बात का नमक-मिर्च लगाकर तुम्हें सारे मोहल्ले में गंधवा रही हैं। मैं कहा करती थी न कि पराई नारी से ज्यादा गप्प न लड़ाओ, अब झेलो चाची की फजीहत'।

मुझे तिवाराइन चाची से ये उम्मीद नहीं थी। उन्होंने ही मुझे डॉक्टर अल्का के बारे में बताया था कि बड़े वाले सरकारी अस्पताल में एक बहुत अच्छी लेडी डॉक्टर आई है, जाकर दिखा लो। अब बाद में वही चाची अब ये सब कर रही हैं।

'क्या सोच रहे हो मन ही मन। जो मन की बात है वह अपनी अर्धांगिनी से कहो। न कि मोहल्ले की ओझाइन, शुक्लाइन, ठकुराइन और चौधराइन से कहो। पर तुमको तो पड़ोस की महिलाओं की कुशलक्षेम की फिक्र लगी रहती है। उन सबकी फिक्र मत करो, उनकी फिक्र करने के लिए उनके पति और बच्चे हैं। वो सब भी गर्मियों में अपने मायके या गांव जाएंगी। सबने अपने जाने का इंतजाम कर लिया है। तुम्हें उनके ट्रेन या बस की टाइमिंग और रूट बताने की कोई जरूरत नहीं है, अपने मोबाइल से चेक करके। सबके घर में मोबाइल है सब चेक करवा लेंगी ट्रेन-बस। तुम्हारी समाजसेवा की जरूरत नहीं है उन्हें'।

मेरा मन कर रहा था कि मैं इस औरत का मुंह नोच लूं। इसने तो मेरी बुरी तरह से किलेबंदी कर दी थी। पर, वह मेरे जीवन में किष्किन्धा नरेश बाली की तरह थी। उस महिला के सामने मेरा बल सदैव आधा ही रह जाता था और आत्मबल जीरो।

मैंने अपने मनोभावों को जब्त करते हुए उसकी तरफ मुस्करा कर देखा।

पत्नी कुछ देर सोचती रही फिर कुछ याद करते हुए बोली 'और हां, घर के पीछे उस ब्यूटी पार्लर वाली गोरी मेम सिंथिया से दूध, शक्कर, कॉफी मांगने के बहाने उसके घर में न चले जाना। तुम्हें बड़ी जिज्ञासा रहती है कि ब्यूटी पार्लर में क्या -क्या होता है? पहले ही बता देती हूं कि ब्यूटी पार्लर में भी वही सब होता है, जो नाई की दुकान में होता है। इसलिए होशियार रहना, नहीं तो लेने के देने पड़ जाएंगे'।

अचानक बाहर से स्कार्पियो का हॉर्न साले साहब तेजी से बजाने लगे। पत्नी ने अपना हैंडबैग सम्भाला और जाते-जाते आंखें तरेरती हुई बोली- 'तुम पर हर पल मेरी नजर रहेगी। इसलिए मैं कितने दिनों तक बाहर हूं, ये गिन कर ज्यादा ओवर स्मार्ट बनने की कोशिश मत करना। और याद रहे मैं कभी भी वापस आ सकती हूं, यह कहते हुए वह बाहर निकल गई मुझे कयासें लगाता हुआ छोड़कर।

बाहर साले साहब की स्कार्पियो में एक फिल्मी गीत बज रहा था-

'मैं मैके चली जाऊंगी तुम देखते रहियो...'।

मुझे ये समझ में नहीं आ रहा था कि पत्नीजी सचमुच मायके जा रही हैं या सिर्फ मेरी नजरों से ओझल हो रही हैं। मुझे तो ये भी सूझ नहीं रहा कि था कि मैं खुश होऊं या उदास।

BRIEF NEWS

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में मनाया गया योग उत्सव

RANCHI : सरला बिरला पब्लिक स्कूल रांची में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्टूडेंट्स, शिक्षकों और अभिभावकों ने सामूहिक योगाभ्यास में भाग लिया। कार्यक्रम की खास बात योग और कहानी कहने की कला का अनूठा संगम था। जिसमें स्टूडेंट्स ने विभिन्न योग मुद्राओं के माध्यम से प्रेरणादायक कहानियां प्रस्तुत की। इस प्रतियोगिता में बच्चों की रचनात्मकता, संतुलन और भाव-प्रदर्शन ने दर्शकों को प्रभावित किया। योग सत्रों के माध्यम से स्टूडेंट्स को न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक एकाग्रता और सकारात्मक सोच का भी संदेश मिला। प्रिंसिपल परमजीत कौर ने सभी प्रतिभागियों की सराहना की और छात्रों को योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित किया।

## सीएफ एंड्रयूज मेमोरियल इंग्लिश स्कूल में मनाया गया योग दिवस

RANCHI : थड़पखना स्थित सीएफ एंड्रयूज मेमोरियल इंग्लिश स्कूल में शनिवार को 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय सचिव दीप्तिमान बोस और प्रिंसिपल अनिमा बोस की उपस्थिति में हुई। इस अवसर पर सभी शिक्षकगण, शिक्षिकाएं और विद्यार्थी भी मौजूद रहे। योग सत्र में शिक्षिका गुड्डी कुमारी द्वारा योग के विभिन्न आसनों और उनके लाभों की जानकारी दी। इसके बाद शिक्षक इंद्रजीत के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, वज्रासन जैसे कई योगासनों का अभ्यास किया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और नियमित योगाभ्यास की प्रेरणा देना था।

## योग दिवस पर अमृत सरोवरों के तट पर गूंजा योग मंत्र

RANCHI : शनिवार को बेड़ो प्रखंड अंतर्गत आठ अमृत सरोवर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग साधना का केंद्र बने। डुकु तालाब के पास स्थित अमृत सरोवर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जहां सुबह-सवेरे बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने योगाभ्यास में हिस्सा लिया। मौके पर पंचायत सचिव अमित केरकेट्टा, जेई कोया अभय, खालिद अंसारी, आनंद केरकेट्टा समेत दर्जनों ग्रामीणों की उपस्थिति रही। शांत वातावरण, तालाब की लहरों और प्रकृति की गोद में योग करने का अनुभव सभी प्रतिभागियों के लिए अविस्मरणीय रहा।

# योग भारत की ओर से संपूर्ण विश्व को दिया गया एक अनुपम उपहार : राज्यपाल

PHOTON NEWS RANCHI : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि योग भारत की ओर से सम्पूर्ण विश्व को दिया गया एक अनुपम उपहार है। यह केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के सामंजस्य का विज्ञान है। राज्यपाल शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पर राजभवन के बिरसा मंडप में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि योग जीवन को संतुलित करने की कला है और इसके अभ्यास से हम स्वस्थ शरीर, शांत चित्त एवं ऊजार्वान जीवन की ओर अग्रसर होते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में योग को वैश्विक पहचान मिली और 21 जून को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' के रूप में मान्यता मिलना भारत की सांस्कृतिक शक्ति का प्रतीक है। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि योग बच्चों और युवाओं के लिए केवल स्वास्थ्य का नहीं, बल्कि एकाग्रता, आत्मबल और अनुशासन का भी माध्यम है। उन्होंने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे प्रतिदिन योग करें और समाज में योग के प्रचार-प्रसार के लिए अन्य लोगों को भी प्रेरित करें। इस कार्यक्रम में राजभवन परिवार के सदस्यों एवं आमंत्रित स्कूली बच्चों ने सक्रियता से भाग लिया।

### योग सांस्कृतिक विरासत : बाबूलाल

प्रदेश भाजपा ने शनिवार को मंडल स्तर पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। इसी क्रम में रांची जिलांतर्गत चुटिया मंडल में योगाभ्यास के बाद प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि योग भारत की सांस्कृतिक विरासत है जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से विश्व पटल पर प्रतिष्ठापित किया गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति विश्व बंधुत्व का भाव रखती है। भारत के ऋषि मुनियों ने सर्वे भवन्तु सुखिन, सर्व संतु निरामया का उद्घोष हजारों वर्ष पूर्व किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मरांडी ने कहा कि इस वर्ष का थीम ही है एक विश्व ,एक स्वास्थ्य। यह सर्वे भवन्तु निरामया पर ही आधारित है।

### योग जीवन का दर्शन : सेठ

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शनिवार को 11वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कांके के कुम्हारिया गांव में प्रधानमंत्री श्री स्कूल में बच्चों और ग्रामीणों के साथ योग किया। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि आज पूरा देश 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना रहा है। आज देश भर में एक लाख जगह पर और 175 देश में एक साथ योग किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प देश के लोग निरोग रहे इसी को लेकर आज से 11 साल पूर्व योग दिवस पर देश के सभी नागरिकों को योग से जुड़ने की अपील की थी।

### झारखंड बने स्वस्थ : स्वास्थ्य मंत्री

स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का सपना है कि झारखंड एक स्वस्थ राज्य बने। स्वास्थ्य विभाग इस दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि योग न केवल हमें ऊजार्वान बनाता है, बल्कि जीवन में अनुशासन, शांति और सामंजस्य भी लाता है। यदि हर नागरिक प्रतिदिन कुछ मिनट योग करे तो न केवल उसका जीवन, बल्कि पूरा समाज स्वस्थ और समृद्ध बन सकता है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बिरसा मुंडा फन पार्क में आयोजित भव्य सामूहिक योग कार्यक्रम में उन्होंने योग के लाभ और महत्व के बारे में जागरूक किया।

### आदिवासी कल्याण योजनाओं की मंत्री चमरा लिंडा ने की समीक्षा, बोले-

# समाज के अंतिम व्यक्ति को सही समय पर मिले योजनाओं का लाभ

PHOTON NEWS RANCHI : शनिवार को राज्य के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने आदिवासी कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक की। इसमें उन्होंने अधिकारियों को विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कई निर्देश दिए। बैठक में विभाग के सचिव, आदिवासी कल्याण आयुक्त और आदिवासी सहकारी विकास निगम के प्रबंध निदेशक मौजूद थे। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ सही समय पर पात्र लाभार्थियों तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करना अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

**शिक्षा पर दिया विशेष जोर**

कल्याण मंत्री ने शिक्षा क्षेत्र पर विशेष ध्यान देते हुए कहा कि अनुसूचित जनजाति के मेधावी छात्रों को देश की प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थानों में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि गुणवत्तापूर्ण कोचिंग के लिए चयनित संस्थानों से समन्वय स्थापित कर जल्द से जल्द प्रशिक्षण प्रक्रिया शुरू कराई जाए। उनका मानना है कि यह कदम आदिवासी युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने में मददगार सिद्ध होगा।

**विदेश में पढ़ने का मिलेगा मौका :** बैठक में मरंग गोमके पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। इस योजना के अंतर्गत विदेशों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक आदिवासी स्टूडेंट्स को छात्रवृत्ति दी जाती है। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि छात्र चयन की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए ताकि योग्य स्टूडेंट्स समय पर लाभ उठा सकें।

**साइकिल वितरण में लाएं तेजी**

राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी साइकिल योजना को भी शीघ्र लागू करने पर बल देते हुए मंत्री ने सभी जिलों में साइकिल वितरण की प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इससे स्कूली छात्राओं की शिक्षा में नियमितता आएगी और ड्रॉपआउट की दर में कमी आएगी। रोजगार सृजन के संदर्भ में मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना की समीक्षा करते हुए चमरा लिंडा ने कहा कि अधिक से अधिक युवाओं को स्वरोजगार की दिशा में प्रेरित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाकर युवाओं को योजना से जोड़ा जाए।

आदिवासी कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक करते कल्याण मंत्री चमरा लिंडा व अन्य ● फोटोन न्यूज

### स्वास्थ्य सेवा को बनाएं बेहतर

स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में भी मंत्री ने 16 ग्रामीण कल्याण अस्पतालों के बेहतर संचालन पर बल दिया। उन्होंने कहा कि दूरस्थ आदिवासी इलाकों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिए त्वरित कदम उठाए जाने चाहिए। मंत्री ने सभी योजनाओं की समयबद्ध समीक्षा सुनिश्चित करने और जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की गति तेज करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यही शासन की सफलता का मापदंड है।

## बंधु तिर्की ने खेती योग्य जमीन पर रिम्स-2 के निर्माण का किया विरोध

- कांग्रेस प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की हस्तक्षेप की मांग
- आईआईएम, ट्रिपल आईटी और हाईवे चौड़ीकरण जैसी योजनाएं ग्रामीण विरोध के कारण करनी पड़ी थीं रद्द

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष और राज्य सरकार की समन्वय समिति के सदस्य बंधु तिर्की ने रिम्स-2 का विरोध किया है। उन्होंने नगड़ी मौजा में रैयतों की खेती योग्य खतियानी जमीन के अधिग्रहण को अनुचित और जनविरोधी बताते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रिम्स-2 परियोजना को रद्द करने की मांग की है। पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि नगड़ी क्षेत्र की अधिकतर आबादी कृषि पर निर्भर है और वहां की भूमि सीमित है। ऐसे में रैयतों की जमीन अधिग्रहण करना न केवल उनके जीवन-यापन के अधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि यह सरकार की जनसंवेदनशीलता पर भी सवाल उठाता है। उन्होंने कहा कि इस जमीन पर वर्षों से मालगुजारी रसीदें रैयतों के नाम से जारी होती रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व में भी आईआईएम, ट्रिपल आईटी और हाईवे चौड़ीकरण जैसी योजनाएं ग्रामीण विरोध के कारण रद्द करनी पड़ी थीं। रिम्स-2 के लिए की जा रहे मापी को साजिश बताते हुए उन्होंने सरकार से ग्रामीण हित में हस्तक्षेप की अपील की। बंधु तिर्की ने मुख्यमंत्री से पेसा कानून को तत्काल प्रभाव से लागू करने और टाना भगत विकास प्राधिकार को प्रभावी बनाने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि टाना भगत समुदाय आज भी सामाजिक-आर्थिक दृष्टि से बेहद पिछड़ा है और 2017 में गठित टाना भगत विकास प्राधिकार अब तक अपने उद्देश्यों में विफल रहा है।

## सरना भूमि विवाद पर फैलाई जा रहीं सूचनाओं को सीओ ने बताया भ्रामक

PHOTON NEWS RANCHI : बेड़ो अंचल के मौजा बेड़ो अंतर्गत 1.05 एकड़ गैरमजरुआ आम भूमि, जो खतियान में सरना के रूप में दर्ज है, को लेकर हाल के दिनों में सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही भ्रामक सूचनाओं को लेकर अंचल अधिकारी (सीओ) प्रताप मिंज ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भ्रामक बताया है। अंचल अधिकारी ने पूर्व मंत्री देवकुमार धान द्वारा दिए गए उस बयान का खंडन किया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि बेड़ो सरना, हिंदू सरना विवाद नहीं, बल्कि कांग्रेस-झामुमो की साजिश है। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि पूर्व मंत्री द्वारा अंचलाधिकारी को ईसाई धर्म का बताकर समाज में गलतफहमी फैलाने का प्रयास किया गया है, जो पूर्णतः तथ्यहीन है। अंचल अधिकारी ने बताया कि सरना समाज की चुमानी देवी द्वारा दिनांक 28 नवंबर 2023 को सीमांकन वाद संख्या 79/2023-24 के तहत आवेदन दिया गया था, जिसके आधार पर 9 जनवरी 2024 को सीमांकन की कार्रवाई की गई। इस कार्यवाही में सभी संबंधित ग्रामीणों- चुमानी देवी, बुधवा पहान, जगरनाथ भगत, अनिल उरांव, मुखिया सुशांति भगत आदि ने हस्ताक्षर कर सहमति दी थी।

## निगम के मजदूरों की मांगों को लेकर सीटू करेगा बैठक

RANCHI : रांची नगर निगम में कार्यरत अस्थायी और अनुबंधित कामगारों को स्थायी करने, मृत कामगारों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर बहाल करने, झारखंड सरकार की ओर से घोषित अवकाश नीति को तत्काल लागू करने और नगर निगम में ए टू जेड कंपनी के कामगारों के बकाया वेतन के भुगतान की मांग को लेकर सीटू से संबद्ध हटिया मजदूर यूनियन और रांची नगर निगम मजदूर यूनियन के संयुक्त तत्वावधान में दो जुलाई को बैठक होगी। यह बैठक पुराने विधानसभा मैदान (जगरनाथपुर थाना के सामने) में होगी। बैठक में नगर निगम के विभिन्न क्षेत्रों डोरंडा, हटिया, हुलहूंडू, बिरसा चौक, खेलगांव, अरगोड़ा, हरमू, कांके, मोरहाबादी, हेहल, पिस्का में कार्यरत मजदूर भाग लेंगे।

# आजसू का स्थापना दिवस समारोह आज, झंडा-बैनर से पटा खेलगांव

PHOTON NEWS RANCHI : आजसू पार्टी अपना स्थापना दिवस रविवार को बलिदान दिवस के रूप में मनाएगी। केंद्रीय स्तर पर मुख्य समारोह खेलगांव के हरिवंश टाना भगत इनडोर स्टेडियम में आयोजित किया गया है। समारोह की तैयारियां पूरी हो गई हैं। स्थापना दिवस को लेकर पार्टी के झंडा और बैनर से खेलगांव पूरी तरह से पट गया है। वहीं स्थापना दिवस समारोह को पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो, केंद्रीय उपाध्यक्ष सह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक निर्मल महतो, पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो, मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, प्रवीण प्रभाकर, डोमन सिंह मुंडा, हसन अंसारी, राजेंद्र मेहता, हरेलाल महतो, यशोदा देवी, जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, संजय मेहता समेत कई नेता संबोधित करेंगे। समारोह में राज्य के सभी जिलों से कार्यकर्ता भाग लेने पहुंचेंगे। कार्यक्रम को लेकर सभी जिला और प्रखंडों में व्यापक तैयारी की गई है। स्थापना दिवस समारोह में शामिल होने के लिए पश्चिम बंगाल के झाड़ग्राम, मेदिनीपुर से कार्यकर्ताओं की एक टोली बादल महतो के नेतृत्व में खेलगांव पहुंच चुकी है। वहीं पलामू से भी कार्यकर्ताओं का एक जत्था पहुंच चुका है। समारोह में ओडिशा के कई इलाकों रायरंगपुर और बारीपाडा से कार्यकर्ता पहुंचेंगे।

## समर्पण ट्रस्ट ने ग्रामीण बच्चों को कराया योग

RANCHI : अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट और नटराज योग संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में कांके डैम के पीछे कूटा टंगरा गांव में शनिशार को एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी आनंद केडिया, उमेश केडिया, स्मिता केडिया, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, समाजसेविका डॉली झा सहित अन्य गणमान्य मौजूद थे। मौके पर योगाचार्य आर्य प्रहलाद भगत ने ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को योग के लाभ के बारे में जानकारी दी। साथ ही विभिन्न आसान, प्राणायाम और ध्यान का भी अभ्यास कराया।

### 104 करोड़ 90 लाख 40 हजार रुपये का आधार बेस्ड बैंक खाते में किया गया भुगतान

# रांची में 4,19,616 लाभुकों को मिली मंईयां सम्मान योजना की राशि

PHOTON NEWS RANCHI : राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना अंतर्गत रांची जिला में लाभुकों को दूसरे चरण में भी अप्रैल माह की सम्मान राशि का भुगतान कर दिया गया है। दूसरे चरण में कुल 79 हजार 553 लाभुकों के बैंक खाते में 2500 रुपये की सम्मान राशि का भुगतान किया गया है। सभी लाभुकों के बीच आधार बेस्ड बैंक खाते में 9 करोड़ 88 लाख 82 हजार 500 की राशि का भुगतान किया गया है।

**4 जून को भी किया गया था ट्रांसफर :** इससे पहले 4 जून 2025 को जिला में प्रथम चरण में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के कुल 3 लाख 40 हजार 63 लाभुकों के खाते में 85 करोड़ 01 लाख 57 हजार 500 की राशि का आधार बेस्ड भुगतान किया गया था। दोनों चरणों में अब तक 4 लाख 19 हजार 616 लाभुकों के मध्य 104 करोड़ 90 लाख 40 हजार की सम्मान राशि उनके खाते में हस्तांतरित कर दी गई है।

**अप्रैल माह के भेजे गए हैं 2500 रुपये**

### आधार सीडिंग है जरूरी

योजना अंतर्गत जिन लाभुकों का आवेदन पूर्व में स्वीकृत है लाभ के लिए उन्हें अपने बैंक खाते से आधार सीडिंग कराना अनिवार्य है। एक बार फिर से उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री द्वारा ऐसे लाभुकों से अपना आधार सीडिंग कराने की अपील की गई है, ताकि उन्हें योजना का लाभ सुनिश्चित कराया जा सके। वहीं रांची जिला में भौतिक सत्यापन का कार्य भी जारी है। अतिशीघ्र भौतिक सत्यापन का कार्य संपन्न होने के बाद योग्य लाभुकों को योजना का लाभ सुनिश्चित किया जाएगा। वैसे लाभुक जिनका भौतिक सत्यापन लंबित है, वो आंगनबाड़ी सेविका से संपर्क कर तथा सत्यापन प्रपत्र प्राप्त कर अपने भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं।

**किस प्रखंड में कितने लाभुकों को भुगतान**

| | |
|---|---|
| अनगड़ा – 2790 | खलारी – 2103 |
| अरगोड़ा शहरी (नगर निगम) – 3067 | लापुंग – 2618 |
| बड़गाईं शहरी (नगर निगम) – 2310 | मांडर – 4348 |
| बेड़ो – 4291 | नगड़ी – 3764 |
| बुंडू – 1725 | नगड़ी (नगर निगम) – 2272 |
| बुंडू नगर पंचायत (नगर निगम) – 690 | नामकुम – 3524 |
| बुढमू – 3166 | नामकुम (नगर निगम) – 2372 |
| चान्हो – 3648 | ओरमांझी – 3138 |
| हेहल शहरी (नगर निगम) – 4557 | राहे – 1716 |
| इटकी – 2052 | रातू – 3731 |
| कांके – 4933 | सिल्ली – 4370 |
| कांके शहरी (नगर निगम) – 348 | सोनाहातू – 2073 |
| | तमाड़ – 3767 |
| | शहर (नगर निगम) – 6180 |

## गुरुनानक सत्संग सभा का चुनाव आज

RANCHI : गुरुद्वारा श्रीगुरुनानक सत्संग सभा और गुरुनानक भवन कमिटी का द्विवार्षिक चुनाव रविवार को कृष्णा नगर कॉलोनी, रातू रोड में होगा। गुरुनानक सत्संग सभा की 21 सीटों के लिए कुल 24 और गुरुनानक भवन कमिटी की पांच सीटों के लिए कुल सात उम्मीदवार मैदान में हैं। सभी चुनावी प्रक्रिया मुख्य चुनाव पदाधिकारी और पूर्व पार्षद देवराज खत्री, सह चुनाव पदाधिकारी डॉ अजय छाबड़ा प्रकाश अरोड़ा और हरीश नागपाल की देखरेख में होगी। वहीं मतगणना की जिम्मेवारी पीपी कंपाउंड स्थित गुरुनानक हायर सेकंडरी स्कूल के शिक्षकों को सौंपी गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए देवराज खत्री ने शनिवार को बताया कि कुल 680 मतदाता अपने मतों का उपयोग कर गुरुनानक सत्संग सभा के 21 और गुरुनानक भवन कमिटी के पांच सदस्यों का चयन करेंगे।

## कांके विधायक सुरेश बैठा ने किसानों में किया धान बीज का वितरण

PHOTON NEWS RANCHI : शनिवार को कांके प्रखंड के अंतर्गत उरुगुटू पंचायत स्थित लैम्पस परिसर में बीज विनिमय योजना के तहत कांके विधायक सुरेश बैठा के हाथो किसानों के बीच धान बीजों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य उन्नत किस्म के बीज उपलब्ध कराकर किसानों की उपज और आय में वृद्धि करना है। कार्यक्रम में क्षेत्र के दर्जनों किसानों ने भाग लिया और उन्हें धान के उन्नत बीज प्रदान किए गए। मौके पर कृषि विभाग के अधिकारियों, लैम्प्स प्रतिनिधियों तथा पंचायत पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर किसानों को बीजों के सही उपयोग, खेती के नवीन तरीकों तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। किसानों ने सरकार की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इससे खेती की लागत कम होगी और पैदावार में वृद्धि होगा। मौके पर कांके विधानसभा के विधायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी, बुढमू प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि बबलू उरांव के साथ तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

BRIEF NEWS

### मधुसूदन पब्लिक स्कूल में योग दिवस का हुआ आयोजन

**CHAKRADHARPUR :** मधुसूदन पब्लिक स्कूल, आसनतलिया में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 'योगा फॉर वन अर्थ वन हेल्थ' (एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य) विषय के साथ योग दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शारीरिक शिक्षक राहुल साधु, हिमांशु महतो और शारीरिक शिक्षिका लक्ष्मी साहा ने छात्र-छात्राओं को सूर्य नमस्कार, भुजंगासन, प्राणायाम आदि महत्वपूर्ण योगासनों का अभ्यास कराया। विद्यालय के प्राचार्य के. नागराजू ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यार्थियों को अपने दैनिक जीवन में योग का अभ्यास करते रहना चाहिए ताकि उन्हें तनाव तथा चिंता से राहत मिलेगी।

### घाटशिला में एनएच-18 पर चलती बाइक बनी आग का गोला

**GHATSHILA :** थाना क्षेत्र के मनोहर कॉलोनी के पास शनिवार को राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 18 (एनएच 18) पर एक चलती बाइक में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरी बाइक जलकर राख हो गई। गनीमत रही कि बाइक चालक ने समय रहते कूदकर अपनी जान बचा ली। घटना के संबंध में बाइक चालक लक्ष्मण महतो, जो चाकुलिया थाना क्षेत्र के कुमारीसोल गांव का निवासी है, ने बताया कि वह अपनी स्प्लेंडर प्लस बाइक (जेएच 05डीडब्लू 6235) से गालूडीह जा रहा था। एसडीओ कार्यालय पहुंचने से कुछ ही देर पहले उसे बाइक में आग लगने का अंदेशा हुआ। उसने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए बाइक को फोरलेन के किनारे खड़ा किया और तुरंत उससे उतर गया।

### डीसी के फर्जी वाट्सएप अकाउंट से मांगा जा रहा मंईयां योजना का विवरण

**CHAIBASA :** पश्चिमी सिंहभूम जिला प्रशासन ने शनिवार को आम जनता को सतर्क करते हुए एक महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। सूचना के अनुसार किसी अज्ञात जालसाज व्यक्ति पश्चिमी सिंहभूम के उपायुक्त के नाम पर वाट्सएप नंबर 8002825608 से फर्जी अकाउंट बनाकर मंईया सम्मान योजना के लाभार्थियों से पेमेंट डिटेल मांग रहा है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिला प्रशासन द्वारा किसी भी योजना से संबंधित जानकारी व्हाट्सएप या अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से नहीं मांगी जाती। यह एक ऑनलाइन फ्रॉड का मामला हो सकता है, जिसमें बैंक खातों से पैसे निकाले जाने की आशंका बनी रहती है। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे इस नंबर से प्राप्त किसी भी प्रकार के संदेश या कॉल पर प्रतिक्रिया न दें और कोई भी व्यक्तिगत या बैंकिंग जानकारी साझा करने से बचें।

# चाईबासा में मना 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, डीसी ने दिया स्वस्थ जीवन का मंत्र

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** पश्चिम सिंहभूम जिला मुख्यालय चाईबासा के सैफरन सभागार में शनिवार को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य योग के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना और उन्हें अपनी दैनिक जीवनशैली में योग को अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ जिले के उपायुक्त चंदन कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए डीसी चंदन कुमार ने कहा कि योग को अपनी जीवनशैली का अभिन्न अंग बनाएं और हमेशा निरोग रहें। उन्होंने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह न केवल शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक रूप से भी स्वस्थ रहने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें और एक स्वस्थ व संतुलित जीवनशैली अपनाएं। उपायुक्त ने आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में बढ़ते तनाव, चिंता और विभिन्न बीमारियों का जिक्र करते हुए कहा कि योग एक अत्यंत प्रभावी उपाय है, जो न केवल बीमारियों का उपचार करता है बल्कि उनके रोकथाम में भी सहायक सिद्ध होता है। इस विशेष कार्यक्रम में असिस्टेंट कलेक्टर, सिविल सर्जन डॉ. सुशांतो मांझी, अनुमंडल पदाधिकारी संदीप अनुराग टोपनो, पुलिस उपाधीक्षक बहामन टुटी, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमिताभ भगत, अंचल अधिकारी उपेंद्र कुमार सहित कई अन्य प्रशासनिक अधिकारी, विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं, विद्यार्थी, आयुष एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी और बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सभी ने योग करें और निरोग रहें के संकल्प के साथ किया।

योगाभ्यास करते उपायुक्त चंदन कुमार व अन्य ● फोटोन न्यूज

## योग से स्वास्थ्य की ओर : खासमहल में लोगों ने किया योग, उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने किया नेतृत्व

**JAMSHEDPUR :** पूरे जिले में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर खासमहल में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने अन्य अधिकारियों और नागरिकों के साथ मिलकर सामूहिक योगाभ्यास किया और योग के शारीरिक, मानसिक और आत्मिक लाभों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 6:30 बजे योग प्रशिक्षकों द्वारा कराए गए सामूहिक योग अभ्यास से हुई। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारी, स्वास्थ्यकर्मी, शिक्षक, छात्र-छात्राएं और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे। उपायुक्त सत्यार्थी ने अपने संबोधन में कहा योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि यह मानसिक शांति और आत्मिक संतुलन प्रदान करता है। यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर है, जिसे अपनाकर हम एक निरोग और मजबूत समाज की नींव रख सकते हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें और इसे अपने परिवार व समाज में भी प्रचारित करें। साथ ही कहा कि योग के सतत अभ्यास से अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है। योग प्रशिक्षकों ने उपस्थित प्रतिभागियों को योगासन, प्राणायाम और ध्यान की विभिन्न विधियाँ कराईं तथा उनके लाभों से अवगत कराया।

**कार्यक्रम में प्रमुख उपस्थिति**
सिविल सर्जन, जिला आयुष पदाधिकारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि, खेल प्रशिक्षक, स्वास्थ्य विभाग के अन्य पदाधिकारी।

घटना 11-12 जून की रात में हुई, 20 जून को थाने में पीड़िता ने दर्ज कराया मामला

# प्रधान टोला में बंद घर को चोरों ने बनाया निशाना, लाखों की चोरी से दहशत में लोग

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** बागबेड़ा थाना क्षेत्र के प्रधान टोला में एक बंद घर का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की यह घटना 11-12 जून की रात की है, लेकिन घर पर कोई नहीं था। घर के सभी सदस्य बाहर गए हुए थे। चोरी की इस घटना की जानकारी पीड़िता दानगी हांसदा ने 20 जून को पुलिस को दी, जब वे बाहर से लौटकर घर आईं।

**कैसे हुई चोरी :** दानगी हांसदा किसी पारिवारिक कारण से कुछ दिनों के लिए घर से बाहर थीं। 20 जून को जब वे घर लौटीं तो देखा कि दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर पता चला कि अलमारी का भी ताला तोड़कर उसमें रखे कीमती जेवरात चुरा लिए गए हैं।

**पुलिस की प्रारंभिक कार्रवाई :** बागबेड़ा थाना प्रभारी ने बताया कि एफआईआर दर्ज करने में देरी पीड़िता की ओर से सूचना देर से मिलने के कारण हुई। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी गई है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही साथ ही स्थानीय स्तर पर संदेहास्पद गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।

**एफएसएल टीम को बुलाया गया**
पुलिस टीम ने फॉरेंसिक साइंस लैब को सूचित कर घटनास्थल से फिंगरप्रिंट, फुटप्रिंट व अन्य भौतिक साक्ष्यों का संकलन शुरू कर दिया है। थाना प्रभारी का कहना है कि शीघ्र ही चोरों की पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी।

**इलाके में डर का माहौल**
स्थानीय लोगों ने बताया कि प्रधान टोला इलाके में बीते कुछ महीनों में चोरी की घटनाएं बढ़ी हैं, जिससे लोग भयभीत हैं। लोगों ने रात में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है। पीड़िता दानगी हांसदा ने पुलिस से अपील की है कि जल्द से जल्द उनके जेवरात की बरामदगी सुनिश्चित की जाए और चोरों को कड़ी सजा दी जाए।

### वर्क फ्रॉम होम के नाम पर झांसा, मौदा गांव के युवक से साइबर ठगों ने ठगे 97 हजार रुपये

**JAMSHEDPUR :** बहरागोड़ा के मौदा गांव के रहने वाले विकास भारती राणा को वर्क फ्रॉम होम की लुभावनी पेशकश के जरिए साइबर ठगों ने अपने जाल में फंसा लिया और किस्तों में 97 हजार रुपये की ठगी कर ली। खुद को अलग-अलग कंपनियों के एचआर और मैनेजर बताकर ठगों ने विकास से संपर्क किया और फर्जी ऑनलाइन प्रोजेक्ट के नाम पर पैसे ऐंठ लिए।

**कैसे हुआ धोखा :** पीड़ित विकास भारती ने बताया कि उन्हें चार अलग-अलग नंबरों से कॉल आया। फोन करने वालों ने अपने नाम स्नेहा, श्रुति स्नेहा, मनोज सिंहानिया और धर्मेंद्र तिवारी बताए। बातचीत शुरूआत में इतनी प्रोफेशनल थी कि विकास को शक नहीं हुआ। ठगों ने विकास को बताया कि एक ऑनलाइन टास्क सिस्टम है, जिसे शुरू करने से पहले कुछ प्रोसेसिंग फीस और नॉडल एक्टिवेशन चार्ज देना होगा। विकास ने विश्वास कर कई बार में कुल 97,000 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिया।

**जब फोन हुए बंद, टूटा भ्रम**
राशि जमा करवाने के बाद जब विकास ने आगे की जानकारी के लिए कॉल किया, तो सभी नंबर या तो स्विच ऑफ थे या उस फोन नंबर से विकास का नंबर ब्लॉक कर दिया गया था। तब जाकर विकास को ठगी का अहसास हुआ और उन्होंने 20 जून को बहरागोड़ा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई।

**पुलिस जांच में जुटी**
बहरागोड़ा थाना प्रभारी ने बताया कि मामला साइबर अपराध से जुड़ा है और एफआईआर दर्ज कर ली गई है। साइबर सेल की मदद से ठगों के मोबाइल नंबर, बैंक अकाउंट और ट्रांजैक्शन डिटेल्स की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि यह संगठित साइबर ठगी का मामला प्रतीत होता है, और जल्द ही आरोपियों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित विकास भारती राणा ने कहा कि उन्होंने घर बैठे कमाई के लालच में यह ऑफर स्वीकार किया। शुरूआत में सब कुछ बहुत भरोसेमंद लगा। लेकिन धीरे-धीरे जब पैसे जमा करवाने का सिलसिला बढ़ता गया और काम शुरू नहीं हुआ, तब समझ में आया कि वह ठगे गए हैं। अब उनके पास कुछ नहीं बचा।

## अरका जैन यूनिवर्सिटी के 'योग संगम' में दिखा स्वस्थ जीवन का अनूठा दर्शन

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** लौहनगरी स्थित प्रतिष्ठित अरका जैन यूनिवर्सिटी में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय में 'योग संगम' नामक एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य विषय 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' की अवधारणा को जीवन में उतारना था। इस आयोजन के माध्यम से विश्वविद्यालय के शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने यह संदेश दिया कि 'योग केवल एक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह एक संपूर्ण जीवन दर्शन है।'

**'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' थीम पर केंद्रित रहा योगाभ्यास :** कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रख्यात योग प्रशिक्षिका शर्मिष्ठा रॉय रहीं, जिन्होंने प्रतिभागियों को योगासन, प्राणायाम और योग निद्रा का अभ्यास तो कराया ही, साथ ही 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' की महत्वपूर्ण अवधारणा पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण का संतुलन आपस में गहराई से जुड़ा हुआ है और योग इस संतुलन को बनाए रखने का एक शक्तिशाली माध्यम है। उनके कुशल मार्गदर्शन में सभी प्रतिभागियों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ योगाभ्यास में हिस्सा लिया, जिससे पूरे परिसर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ।

**कुलपति ने योग को बताया अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर**
विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो. (डॉ.) अंगद तिवारी ने इस पहल की सराहना करते हुए अपने संबोधन में कहा कि 'योग भारत का एक अमूल्य सांस्कृतिक उपहार है, जो न केवल आंतरिक शांति को बढ़ावा देता है बल्कि समाज में समरसता की भावना भी पैदा करता है।'

## सांसद बिद्युत बरण महतो ने साकची में लोगों के साथ किया योगाभ्यास

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आज पूरे देश की तरह जमशेदपुर में भी बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर साकची पश्चिम मंडल अंतर्गत धालभूम क्लब में आयोजित योग कार्यक्रम का उद्घाटन सांसद बिद्युत बरण महतो ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। योग अभ्यास शुरू होने से पहले अपने संबोधन में सांसद श्री महतो ने कहा कि योग भारत की सांस्कृतिक और पारंपरिक विरासत है, जिसे हमारे ऋषियों ने न केवल खोजा बल्कि उसे जीवनशैली में शामिल कर निरोगी समाज की नींव रखी। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में योग को वैश्विक पहचान मिली है और यह गर्व की बात है कि भारत ने पूरे विश्व को योग जैसा अमूल्य

तोहफा दिया है। सांसद ने यह भी कहा कि दिनचर्या में थोड़ा सा समय योग को देकर हम न केवल खुद को स्वस्थ रख सकते हैं, बल्कि समाज को भी एक सकारात्मक दिशा दे सकते हैं। योग के जरिए शरीर, मन और आत्मा में संतुलन स्थापित होता है। कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया और विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान की विधियों का अभ्यास किया। सभी प्रतिभागियों ने योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर इस आयोजन को सफल बनाया।

### झामुमो की बड़ी कार्रवाई रामा पांडेय छह माह के लिए पार्टी से निलंबित

**CHAIBASA :** पश्चिमी सिंहभूम जिला प्रशासन द्वारा मजदूर नेता और झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता रामा शंकर पांडेय उर्फ रामा पांडेय को छह महीने के लिए जिला बदर किए जाने के तुरंत बाद, झामुमो ने भी कड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें पार्टी से छह महीने के लिए निलंबित कर दिया है। यह फैसला झामुमो जिला समिति की कोर कमेटी की एक आपातकालीन बैठक में लिया गया। पार्टी की यह महत्वपूर्ण बैठक परिसदन चाईबासा में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सोनाराम देवगम ने की। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों और कोर कमेटी के सदस्यों ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया। झामुमो के जिला प्रवक्ता बुधराम लागुरी ने शनिवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इस निर्णय की जानकारी दी।

महाविद्यालयों से इंटरमीडिएट हटाने के खिलाफ छात्रों का 'ई-मेल अभियान'

## राज्यपाल, सीएम व शिक्षा मंत्री को भेजे सैकड़ों मेल

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** झारखंड के अंगीभूत महाविद्यालयों से 12वीं की पढ़ाई हटाने और 11वीं कक्षा में नए नामांकन रोकने के सरकारी फरमान के खिलाफ आज छात्रों ने डिजिटल जंग छेड़ दी। इंटरमीडिएट बचाओ संघर्ष समिति चाईबासा, कोल्हान के बैनर तले, सैकड़ों की संख्या में छात्रों ने झारखंड के राज्यपाल, मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री को विरोध स्वरूप ईमेल भेजे हैं। यह अभियान सरकार के अलोकतांत्रिक फैसले के खिलाफ छात्रों के चरणबद्ध आंदोलन का पहला और सशक्त कदम है। कोल्हान प्रमंडल के छात्रों ने अपने ईमेल में स्पष्ट रूप से मांग की है कि जब तक इंटरमीडिएट की पढ़ाई के लिए पर्याप्त और पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित नहीं हो जाती, तब तक




महाविद्यालयों में दाखिले जारी रखे जाएं। छात्र प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि सरकार बिना सोचे-समझे और बिना समुचित ढांचागत तैयारी के जो कदम उठा रही है, वह हजारों छात्रों के भविष्य को अंधकार में धकेल देगा। आज जमशेदपुर विमेंस कॉलेज की छात्राओं द्वारा पूर्वी सिंहभूम जिला मुख्यालय में किए गए आंदोलन का भी समिति ने पूर्ण समर्थन किया। यह ईमेल अभियान केवल छात्रों के आक्रोश को ही नहीं दर्शा रहा, बल्कि सरकार पर इस जनविरोधी फैसले पर पुनर्विचार करने का महत्वपूर्ण दबाव भी बना रहा है। पश्चिमी सिंहभूम में छात्र प्रतिनिधि सत्येन महतो और जतिन दास ने इस अभियान का नेतृत्व किया। छात्रों ने साफ कर दिया है कि वे अपने भविष्य के साथ किसी भी तरह के खिलवाड़ को बर्दाश्त नहीं करेंगे, और उनकी मांगें पूरी न होने तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

### सदर अस्पताल में जांच का टंगेगा रेट चार्ट होगी पूरी सफाई : डीसी

**RAMGARH :** रामगढ़ डीसी फैज अक अहमद मुमताज शनिवार को सदर अस्पताल पहुंचे। यहां उन्होंने सफाई की बदतर हालत को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि जिले के सैकड़ों लोग हर दिन इस अस्पताल में आते हैं। यह सफाई की और बेहतर व्यवस्था होनी ही चाहिए। निरीक्षण के दौरान डीसी ने हेल्थ चेकअप से संबंधित रेट चार्ट भी टांगने के निर्देश दिए। उन्होंने सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी कक्ष, प्रयोगशाला, औषधि कक्ष, अल्ट्रासाउंड कक्ष, पुरुष एवं महिला वार्ड आदि का निरीक्षण किया। डीसी ने सदर अस्पताल उपाधिक्षक डॉक्टर ठाकुर मृत्युंजय कुमार सिंह से आम जनों को मिल रहे लाभ की जानकारी ली।

शहर के अधिकतर नाले हैं जाम, सिर्फ मीटिंग पर मीटिंग कर रहे अधिकारी

# प्रशासनिक प्रबंध में भी झोल, बारिश ने खोली नगर निकायों की पोल

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** हाल ही में हुई बारिश ने जमशेदपुर में नगर निकायों की पोल खोल कर रख दी है। लौहनगरी का ड्रेनेज सिस्टम किस कदर खोखला हो चुका है, इसकी ताजी मिसाल बस्तियों, घरों और अपार्टमेंटों में घुसा पानी है। बारिश में जब घर डूब रहे थे, तो लोग मदद के लिए नगर निकायों को फोन कर रहे थे मगर, कोई भी अधिकारी फोन नहीं उठा रहा था। बड़े अधिकारी तो फोन स्विच ऑफ कर बैठे रहे। अब आसमान साफ होने के बाद भी नगर निकायों की तरफ से नाला सफाई नहीं करा रहा है। आरोप लग रहे हैं कि नगर निकायों की निगरानी करने वाले प्रशासनिक अधिकारी भी लापरवाही बरत रहे हैं वरना कम से कम नालों की सफाई का काम तो मई तक करा ही लिया जाता।

कमोबेश यही स्थिति जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति, मानगो नगर निगम और जुगसलाई नगर पालिका की रही। जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति और मानगो नगर निगम की कमान एक ही अधिकारी कृष्ण कुमार के पास है। वह उप नगर आयुक्त हैं। वह मानगो और जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के इलाके में नाले की सफाई के लिए मार्च से ही मीटिंग कर रहे हैं। मगर, अब तक नाले साफ नहीं हो सके। मानगो नगर निगम में सोमवार को मीटिंग कर नाले की सफाई कराने का निर्देश दिया गया मगर, कहीं नाला सफाई शुरू हुई या नहीं इस संबंध में किसी अधिकारी ने सुध लेने की जरूरत नहीं समझी। इसी का नतीजा था कि मानगो में वारिस कालोनी, चाणक्यपुरी, दाईगुद्दू धोबी लाइन, कुंवर बस्ती, टी खान मैदान, नित्यानंद कॉलोनी, देशबंधु लाइन, कालिका नगर, हयात नगर, चंद्र प्रभा नगर, डिमना रेसीडेंसी, कृष्णा नगर, शांति नगर, लक्ष्मण नगर, वास्तु विहार का निचला हिस्सा, गौड़ बस्ती, राम नगर, श्याम नगर, खड़िया बस्ती, डिमना रोड राजीव पथ आदि इलाके में बाढ़ का गंदा पानी भरा रहा।

मानगो बस्ती में भरा पानी ● फोटोन न्यूज

### मानगो में सफाई कर्मियों की कमी का बहाना

मानगो में जब गुरुवार को खूब बारिश हो रही थी तो लोगों ने नगर निगम को फोन करना शुरू किया। जब नगर निगम के अधिकारियों के फोन नहीं उठे तो किसी ने जदयू तो किसी ने कांग्रेस के नेताओं को फोन किया। इसके बाद नगर निगम के अधिकारी हरकत में आए लोगों से फोन पर बात कर सिर्फ आश्वासन देते रहे। जिन बस्तियों में पानी भरा था वहां नगर निगम के कर्मचारी तो पहुंचे मगर, कोई काम नहीं कराया। सबको यही बताते रहे कि बारिश के चलते लेबर नहीं आए। लेबर आने के बाद ही काम ही काम होगा। शुक्रवार को यह बहाना बनाया जाता रहा है कि आज सिर्फ तीन सफाई कर्मी ही आए हैं। इसी वजह से ज्यादा काम नहीं हो पा रहा है। इलाके के लोगों का कहना है कि नगर निगम के लोग सभी को यह जवाब देते रहे कि लेबर कम है आपके इलाके में बाद में नाला सफाई कराई जाएगी। मगर, कहीं नाला सफाई का काम नहीं कराया गया।

### आखिर कहां गया सफाई के लिए आया फंड

मानगो में बरसात से पहले नाला सफाई नहीं होने से लोग नाराज हैं। लोगों का कहना है कि मानगो में पायल टाकीज वाले रोड पर मानगो चौक से लेकर चेपा पुल तक सड़क किनारे नाला बनाया गया है। मगर, 10 साल से अधिक का समय बीत गया इस नाले की सफाई नहीं कराई गई है। लोग सवाल उठाते हैं कि नगर निकाय विभाग हर साल सभी नगर निकायों को नाले की सफाई के लिए फंड देता है। आखिर इस फंड का कहां उपयोग होता है यह जांच का विषय है। इलाके के लोगों का आरोप है कि अगर, इस मामले की उच्च स्तरीय जांच हो जाए तो नगर निगम की पोल खुल जाएगी।

रतन टाटा की संपत्ति पर बांबे हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

## जमशेदपुर निवासी मोहिनी दत्ता और सौतेली बहनों को नहीं मिलेगी हिस्सेदारी

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** टाटा समूह के पूर्व चेयरमैन रतन टाटा की वसीयत को लेकर चल रहे एक अहम मामले में बांबे हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने स्पष्ट कर दिया है कि रतन टाटा की लिस्टेड और अनलिस्टेड कंपनियों में जो हिस्सेदारी है, वह उनकी दो चैरिटेबल संस्थाओं रतन टाटा एंडोमेंट फाउंडेशन और रतन टाटा एंडोमेंट ट्रस्ट को बराबर हिस्से में दी जाएगी। इस आदेश के साथ ही टाटा की सौतेली बहनें शिरीन और डीना जेजेभोय, और जमशेदपुर के बिरसानगर निवासी मोहिनी मोहन दत्ता को इस हिस्सेदारी से बाहर कर दिया गया है। इससे पहले अटकलें लगाई जा रही थीं कि रतन टाटा की संपत्ति से इन नामों को लाभ मिल सकता है। अदालत में पेश हुए दस्तावेजों में बताया गया कि जब टाटा की संपत्ति के प्रशासकों ने हाईकोर्ट से यह स्पष्ट करने को कहा कि रतन टाटा के इक्विटी पोर्टफोलियो का लाभ किसे मिलेगा, तो अदालत ने वसीयत और उससे जुड़े परिशिष्टों की वैधता को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय सुनाया। जस्टिस मनीष पिटाले की पीठ ने कहा कि रतन टाटा द्वारा लिस्टेड और अनलिस्टेड कंपनियों में की गई निवेश की हिस्सेदारी उनकी वसीयत में अलग से निर्दिष्ट नहीं है, इसलिए इसे उनकी अवशिष्ट संपत्ति माना जाएगा और यह उनकी दोनों फाउंडेशन को बराबर-बराबर दी जाएगी।



# राजधानी पटना समेत राज्य के शहर से गांव तक लोगों ने किया योग

**PHOTON NEWS PATNA :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर शनिवार को बिहार में राजधानी पटना समेत पूरे राज्य में शहर से लेकर गांव तक खास से आम लोगों ने योग किया। बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने राजभवन में अंतराराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग करके निरोगी काया के लिए पूरे राज्यवासियों को प्रेरित किया।

पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में योग दिवस के मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, सांसद रविशंकर प्रसाद, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और सम्राट चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे और अन्य लोगों ने योग आसन किया। इस मौके पर पर प्रदेश अध्यक्ष दीलिप जयसवाल ने कहा कि आज पूरी दुनिया में योग दिवस मनाया जा रहा है। आज पूरी दुनिया योग के महत्व को समझ रही है और इसे अपने जीवन में उतारने का प्रयास कर रही है। जो इंसान स्वस्थ रहकर दुनिया में कुछ करना चाहता है, उसे योग जरूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बिहार में अभी दो तरह का योग चल रहा है. एक जो आप परिसर में लोगों को क्रिया करते हुए देख रहे हैं और दूसरा पॉलिटिकल योग, जिसमें लोग शरीर से क्रिया नहीं करते हैं बल्कि जुबान चलाते हैं।

योगभ्यास करने पहुंचे उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि योग मानवता के लिए एक बड़ा उपहार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा यह उपहार पूरे दुनिया को दिया गया। आज पूरी दुनिया 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना रही है। योग तन और मन को स्वस्थ रखता है। इस पृथ्वी पर मानवता को एकजुट करने का योग सशक्त माध्यम है।

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने कहा कि विश्व और एक स्वास्थ्य के मुहिम के साथ इस बार योग दिवस मनाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से राज्य में बड़े पैमाने पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूरे दुनिया में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किया जा रहा है। स्वास्थ्य बेहतर रहे और हम बीमारी से दूर रहें इसके लिए योग क्रिया करना बेहद जरूरी होता है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के 11 वर्ष पूरे होने पर बोधगया के जयप्रकाश उद्यान में योगाभ्यास किया गया. केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी , दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ पाठक, आईआईएम बोधगया के डायरेक्टर समेत अधिकारी और शिक्षा से जुड़े लोगों के साथ विदेशी पर्यटक, छात्र और स्थानीय नेताओं ने योगाभ्यास किया।

### राजभवन में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद, पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, सांसद रविशंकर, उपमुख्यमंत्री सिन्हा और सम्राट चौधरी ने किया योग

### योगाभ्यास के साथ लोगो ने ली लोकतंत्र को मजबूत बनाने की शपथ

**CHAMPARAN :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राज्य आयुष समिति और जिला प्रशासन के सौजन्य से महात्मा गांधी प्रेक्षागृह के प्रांगण में फिट इंडिया, वोट इंडिया' और 'स्वस्थ मतदाता, सफल लोकतंत्र' के नारे के साथ योगाभ्यास और मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल और पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगो को योग के माध्यम से स्वयं को स्वस्थ बनाते हुए देश की मजबूती के लिए मतदान करने का आह्वान किया गया। मौके पर जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग न केवल व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखता है, बल्कि उसे प्रसन्नचित्त और सकारात्मक दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित भी करता है। उन्होंने सभी से योग अपनाने और स्वस्थ रहते हुए जीवन को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

## BRIEF NEWS

### चरस तस्करी मामले में एक अभियुक्त को 10 साल का सश्रम कारावास

**CHAMPARAN :** अनन्य नारकोटिक्स एक्ट कोर्ट द्वितीय के विशेष न्यायाधीश सूर्यकांत तिवारी ने चरस तस्करी मामले में दोषी पाते हुए नामजद एक अभियुक्त को दस वर्षों का सश्रम कारावास एवं दो साल रुपये अर्थ दंड की सजा सुनाई है। अर्थ दंड नहीं देने पर अतिरिक्त सजा काटनी होगी। सजा नेपाल के पर्सा जिला के घुसुकपुर निवासी रामबाबू तिवारी को हुई है, मामले में रक्सौल थाना कांड संख्या 128/2017 दर्ज हुई थी। जिसमें कहा गया था कि 2 मई 2017 को करीब 3 बजे दिन में रक्सौल बॉर्डर के धीरवा टोला के समीप एस एस बी जवानों ने संदेह होने पर एक युवक को रोका। जांच के दौरान उसके बैग में रखे 2.500 ग्राम चरस बरामद हुआ। विचारण वाद संख्या 45/2017 विचारण के दौरान विशेष लोक अभियोजक प्रभाष त्रिपाठी ने तीन गवाहों को न्यायालय में प्रस्तुत कर अभियोजन पक्ष रखा।

### बिहार सरकार के पेंशन निर्णय से दिव्यांग महा परिवार में खुशी की लहर

**KATIHAR :** बिहार सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये करने के निर्णय का कटिहार दिव्यांग महा परिवार ने स्वागत किया है। शनिवार को यज्ञशाला मैदान में आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांग महा परिवार और कोसी क्षेत्रीय विकलांग विधवा वृद्ध कल्याण समिति के कार्यकताओं ने एक दूसरे को रंग गुलाल और मिठाई खिलाकर बधाई दी।

बिहार राज्य सलाहकार बोर्ड (समाज कल्याण विभाग) के सदस्य शिव शंकर रमानी ने कहा कि बिहार सरकार का यह निर्णय देर से ही सही, लेकिन स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा कि 12 वर्षों के संघर्ष के बाद यह सफलता मिली है और इसके लिए तमाम दिव्यांग भाई, बहन, विधवा और वृद्ध को धन्यवाद। कार्यक्रम में लेहलु मंडल, शेरअली, पशान कुमार, लक्ष्मी देवी, जुली शर्मा, सुनीता देवी, इंद्र कुमार श्रीवास्तव, सननी कुमार, मोनिका कुमारी, राम कुमार सहनी, मुकेश कुमार शाह आदि प्रमुख रूप से शामिल थे।

### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने की 'महिला संवाद' कार्यक्रम की समीक्षा, कहा-

# हमारी सरकार ने शुरू से ही महिला सशक्तीकरण पर दिया है खास जोर

**PHOTON NEWS PATNA :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित 'संवाद' में 'महिला संवाद' कार्यक्रम की समीक्षात्मक बैठक की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि शुरू से ही हमलोगों ने महिला सशक्तीकरण पर जोर दिया है। वर्ष 2006 में पंचायती राज संस्थाओं एवं वर्ष 2007 में नगर निकायों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण से शुरूआत की गयी।

मुख्यमंत्री नीतीश ने कहा कि वर्ष 2013 से पुलिस में महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण दिया गया। अब बिहार पुलिस में महिलाओं की संख्या 30 हजार से अधिक है. जो देश में सबसे अधिक है। वर्ष 2016 से महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। पहले बिहार में स्वयं सहायता समूह की संख्या बहुत कम थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2006 में विश्व बैंक से कर्ज लेकर राज्य में स्वयं सहायता समूह का गठन किया जिसे 'जीविका' नाम दिया, इससे जुड़नेवाली महिलाओं को हमने 'जीविका दीदी' कहा। उस समय की केंद्र सरकार ने यहां की जीविका समूह के कार्यों को देखा और उसकी प्रशंसा की तथा पूरे देश में 'आजीविका' नाम से इस योजना को चलाया।

उन्होंने कहा कि अब स्वयं सहायता समूह की संख्या 10 लाख 63 हजार से भी अधिक हो गयी है जिसमें 'जीविका दीदियों की संख्या 1 करोड़ 35 लाख से ज्यादा हो गयी है। शहरी क्षेत्रों में भी स्वयं सहायता समूह का गठन हो रहा है जिनकी संख्या 36 हजार हो गयी है जिसमें लगभग 3 लाख 80 हजार जीविका दीदियां हैं। स्वयं सहायता समूहों का गठन लगातार जारी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने वर्ष 2023 में जाति आधारित गणना कराने के दौरान लोगों की आर्थिक स्थिति की जानकारी ली जिसमें अपर कास्ट, पिछड़ा, अति पिछड़ा, दलित, महादलित एवं मुस्लिम समुदाय के 94 लाख गरीब परिवार पाये गये। राज्य सरकार ने निर्णय लिया था कि इन लोगों के रोजगार हेतु 2 लाख रुपये प्रति परिवार की दर से सहायता दी जायेगी जिसकी शुरूआत हो चुकी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले यह विचार था कि इस काम को पांच साल में पूरा किया जायेगा। मेरी अब यह इच्छा है कि इन सभी परिवारों को एक साथ लाभ पहुंचाने की कार्रवाई अभी से ही की जाए इसके लिए मैंने अधिकारियों को निर्देशित कर दिया है। यह भी निर्देश दिया गया है कि जरूरत पड़ने पर 2 लाख रुपये की सहायता राशि को थोड़ा और बढ़ा दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 24 नवम्बर, 2005 में सरकार में आने के बाद हमलोग राज्य के विकास के लिए लगातार काम कर रहे हैं। महिलाओं के साथ-साथ सभी वर्गों के उत्थान के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं।

### मुख्यमंत्री की 5 महत्वपूर्ण घोषणाएं

1. सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि 400 रुपए प्रति माह से बढ़ाकर 1100 प्रति माह किया जायेगा। सभी लाभार्थियों को जुलाई महीने से पेंशन बढ़ी हुई दर पर मिलेगी। सभी लाभार्थियों के खाते में यह राशि महीने के 10 तारीख को भेजना सुनिश्चित किया जायेगा।
2. जीविका परियोजना के तहत स्वयं सहायता समूहों को 3 लाख रुपये से ज्यादा के बैंक ऋण पर अब सिर्फ 7 प्रतिशत ब्याज देना होगा। स्वयं सहायता समूहों को पहले 3 लाख रुपये से ज्यादा के बैंक ऋण पर 10 प्रतिशत ब्याज देना पड़ता था। अब ब्याज दर घटने के बाद बैंकों को ब्याज के रूप में दी जानेवाली अतिरिक्त राशि सरकार की ओर से दी जाएगी।
3. लड़कियों के विवाह कार्यक्रम आयोजन में सुविधा के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में विवाह भवन का निर्माण कराया जायेगा। इन विवाह भवनों का संचालन जीविका दीदियों के द्वारा किया जाएगा।
4. जीविका से जुड़े सभी कर्मियों का मानदेय दोगुना किया जायेगा। इन कर्मचारियों के मानदेय वृद्धि की अतिरिक्त राशि राज्य सरकार वहन करेगी।
5. 'दीदी की रसोई' का संचालन प्रखंड स्तर तक के सरकारी संस्थानों में किया जायेगा।

## 'सांसद आपके द्वार' कार्यक्रम में विवेक ठाकुर ने निपटाए 100 मामले

**AGENCY NAVADA :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के साथ विकसित नवादा के संकल्प को साकार करने का दिशा में आयोजित सांसद आपके द्वारा जन संवाद कार्यक्रम में शनिवार को 100 मामलों का निपटारा किया गया।

काशीचक प्रखंड के चंडीनामा इंटर स्कूल परिसर में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम की सफलता में समाजसेवी मुकेश दिनकर की बेहतर सक्रियता देखी गई। कार्यक्रम में नवादा लोकसभा सांसद विवेक ठाकुर ने जनता से सीधे संवाद कर उनकी समस्यासुनकर निपटारा किया।

जन संवाद कार्यक्रम में भारी संख्या में ग्रामीणों की भागीदारी देखी गई।लोगों ने शिक्षा स्वास्थ्य सिंचाई सड़कों की स्थिति रोजगार और किसानों की समस्याओं के साथ-साथ रेलवे के भी समस्याओं से संबंधित पूरे मुद्दे संसद के समक्ष रखा। सांसद ने अधिकांश मामलों पर त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिए और कुछ समस्याओं के समाधान के लिए संबोधित विभागों से बात करने की बात कही।

इस अवसर पर वारसलीगंज के क्षेत्रीय विधायिका अरुण देवी, समाजसेवी मुकेश कुमार दिनकर , स्थानीय जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों की भी उपस्थित रही जिन्होंने मौके पर पर कई शिकायतों पर संज्ञान लिया। इस कार्यक्रम में काशीचक के प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि पंकज सिंह, पकरी वर्मा जिला परिषद के प्रतिनिधि पंकज सिंह, भाजपा नेता प्रमोद कुमार चुन्नू, भाजपा जिला महामंत्री नंदकिशोर चौरसिया जिला जिला मंत्री मिथिलेश पासवान, सुनीता देवी, प्रोफेसर सुरेंद्र चौधरी,काशीचक मंडल अध्यक्ष रामप्रवेश सिंह, मंच संचालन रिंकू सिंह, आदि शामिल थे।

## लड्डू कुमार हत्या मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी केशव कुमार को किया गिरफ्तार

**AGENCY BETTIAH :** बेतिया पुलिस जिला के मझौलिया परसा पंचायत में शुक्रवार की रात चाकू से मार कर 10 वर्षीय बालक लड्डू कुमार की हत्या के मामले में पुलिस ने छापेमारी कर शनिवार को सुबह मुख्य आरोपी नाबालिक केशव कुमार 12 वर्ष को दुबौलिया के समीप से गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही पुलिस ने आरोपी के मामा फूफा एवं गांव के बालेश्वर सिंह को हिरासत में लेकर कार्रवाई शुरू कर दिया है।

थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि जयप्रकाश सिंह से बालेश्वर सिंह द्वारा मोबाइल पर बातचीत करने के ट्रेस के आधार पर पूछताछ की जा रही है ।लड्डू के माता-पिता बड़ा भाई और बहन मुंबई से शनिवार को 10:00 बजे घर पहुंचे। मृत पुत्र को देखकर दहाड़ मारकर रोने लगे।

आसपास की वातावरण गमगीन हो गई।सबकी आंखें नम हो गई। परिजनों ने आरोपियों को फांसी की सजा, पिता पुत्र गिरफ्तारी के लिए मांग कर रहे थे। कुछ लोग लाश को आरोपी के दरवाजे पर जलाने के बात कर रहे थे।

लोगों को तनाव को देखते हुए परसा गांव वार्ड पांच और वार्ड 10 में जिला से पहुंचे क्विक एक्शन दस्ता टीम थाना के सभी अधिकारी एवं पुलिस बल छावनी में तब्दील हो गई। आरोपी के दरवाजे एवं मृतक के दरवाजे पर पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद रही। पिता शिव शंकर यादव, मां सुभवंती देवी , दादी कुसमी देवी ने आरोपी को सजा दिलाने की मांग करने लगे।

## सूरज हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा, दो गिरफ्तार

**DEHRI :** रोहतास जिले के बिक्रमगंज पुलिस ने 8 जून को हत्या कर नोनहर आमापोखर बाधार के बीच एक कुआं में फेंके गए सूरज कुमार के हत्याकांड का उद्भेदन कर लिया है। यह मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा था। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है और दो विधि विरुद्ध बालकों को निरुद्ध किया है। पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता में इसकी जानकारी देते हुए बताया कि इस कांड के सफल उद्भेदन के लिए बिक्रमगंज के अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, बिक्रमगंज के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। जिसमें बिक्रमगंज और सूर्यपुरा के थानाध्यक्ष एवं तकनिकी सहायता के लिए जिला आसूचना इकाई की टीम को भी शामिल किया गया।

## डेहरी में नकली सिगरेट बनाने वाली फैक्ट्री का पुलिस ने किया खुलासा

**AGENCY DEHRI :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र बेदा- बलथुआ में पुलिस ने छापेमारी कर नकली सिगरेट बनाने वाली एक फैक्ट्री का उद्भेदन शनिवार को किया।

पुलिस की इस कार्रवाई के दौरान बलथुआ स्थित वृदावंन मार्केट के बेसमेंट में चल रहे फैक्ट्री की मशीन जिसकी अनुमानित कीमत तीन करोड़ उसे जब्त कर लिया।

एसडीपीओ सासराम दो कुमार वैभव के नेतृत्व में की गई छापेमारी के दौरान कारखाना व उसके गोदाम से तीन करोड़ की नकली सिगरेट के अलावा सिगरेट बनाने वाला कच्चा माल जिसकी अनुमानित कीमत एक करोड़ को भी जब्त किया गया है।

एसपी रौशन कुमार के अनुसार इस मामले में फैक्ट्री के मालिक यूपी के बलिया जिला के नरही थाना के सिंदुरिया ग्राम निवासी गोपाल ओझा को शहर के राजकालोनी स्थित उनके किराया के मकान से गिरफ्तार किया गया है। वहीं फैक्ट्री के सुपरवाइजर यूपी के वाराणासी जिला के बड़ागांव निवासी राजेश कुमार मिश्रा को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

एसपी ने बताया कि पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि पिछले सात वर्ष से यहां पर नकली सिगरेट बनाने का कार्य किया जा रहा था। फैक्ट्री में गोल्ड फ्लैक समेत दस अन्य ब्रांडों के नाम पर सिगरेट बनाकर पैकिंग की जा रही थी। फैक्ट्री को संचालित किए जाने के कार्य में प्रयोग में लिए जाने वाले 50 एचपी का जेनरेटर भी जब्त कर लिया गया है।



### जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने पत्रकार वार्ता में कहा-

# विभाग मुस्तैद, क्षतिग्रस्त तटबंधों की मरम्मत के लिए कर रहा कार्य

**PHOTON NEWS PATNA :** बिहार सरकार में जदयू कोटे के जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने सिंचाई भवन स्थित सभागार में शनिवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि जल संसाधन विभाग पूरी मुस्तैदी और गंभीरता के साथ क्षतिग्रस्त तटबंधों की मरम्मत के लिए युद्धस्तर पर कार्य कर रहा है। वरीय अधिकारियों द्वारा प्रभावित क्षेत्रों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है तथा सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए जा रहे हैं।

मंत्री चौधरी ने कहा कि विभाग लापरवाही के मामलों में शून्य सहनशीलता की नीति अपना रहा है। उन्होंने कहा कि अपने कर्तव्यों में लापरवाही बरतने वाले एक कार्यपालक अभियंता और संबंधित कनीय अभियंताओं को तत्काल प्रभाव से निर्लंबित कर दिया गया है। कुल सात अभियंताओं की पहचान करते हुए विभागीय कार्रवाई प्रारंभ की गई है। उच्च अधिकारियों की भूमिका की भी समीक्षा की जा रही है और उनके विरुद्ध भी उचित कार्रवाई की जाएगी। विजय चौधरी ने कहा कि प्रभावित स्थलों पर दो अतिरिक्त कार्यपालक अभियंता एवं दो सहायक अभियंताओं की तत्काल प्रतिनियुक्ति की गई है ताकि कार्यों में गति लाई जा सके। विभाग के सभी स्तर के अधिकारी जिला प्रशासन से समन्वय कर लगातार स्थलय निरीक्षण और आवश्यक कार्रवाई कर रहे हैं, जिससे कई संवेदनशील क्षेत्रों को संरक्षित किया जा सका है।

पत्रकार वार्ता में विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल ने बताया कि 18 जून से झारखंड में लगातार हो रही बारिश की वजह से वहां से उद्गमित होने वाली निरंजना, मुहाने, उत्तर कोयल, सकरी, पंचाने आदि नदियों में अत्यधिक जलश्राव / जलस्तर दर्ज किया गया है।

उन्होंने कहा कि बीती रात 09:00 बजे उदेरास्थान बराज, जहानाबाद से 73,067 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। जो विगत वर्ष के अधिकतम जलश्राव 68,268 क्यूसेक से 4439 क्यूसेक अधिक है। फलस्वरूप बराज के निम्नप्रवाह में अवस्थित बंधुगंज कॉजवे गेज स्टेशन पर 19 जून को 62.15 मीटर का नया उच्चतम जलस्तर दर्ज किया गया। जो पूर्व के उच्चतम जलस्तर से 0.15 मीटर अधिक है।

पत्रकार वार्ता में जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी व अन्य

## अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक को मिली अपहरण करने की धमकी

**AGENCY CHAMPARAN :** जिले के रक्सौल अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. राजीव रंजन कुमार को अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपहरण की धमकी देने का मामला सामने आया है।

घटना के बाद डॉ. राजीव ने मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी विस्तृत जानकारी जिलाधिकारी और सिविल सर्जन को दी है। मिली जानकारी के अनुसार, लक्ष्मीपुर लछुमनवा पंचायत के सेमरी गांव स्थित स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। उसी भवन का एनओसी लेने एक युवक अस्पताल पहुंचा। पूछताछ करने पर पहले उसने खुद को संवेदक बताया, लेकिन उसके पास भवन निर्माण से संबंधित कोई वैध कागजात नहीं थे। इस पर उपाधीक्षक ने उससे कहा कि

वह आवश्यक दस्तावेजों के साथ पुनः अस्पताल आए। इसके बाद वह युवक अस्पताल से बाहर निकला और किसी को फोन लगाया। कुछ देर बाद वह फिर से डॉ. राजीव के पास आया और एक फोन उन्हें पकड़ा दिया। फोन पर मौजूद व्यक्ति ने डॉ. राजीव से बदसलूकी करते हुए कहा कि यदि एनओसी नहीं दी गई तो उन्हें रक्सौल से उठवा लिया जाएगा।

## नशा के खिलाफ एसएसबी की जागरूकता रैली और कार्यशाला का आयोजन

**ARARIA :** एसएसबी 56 वीं बटालियन के कमांडेंट सुरेन्द्र विक्रम के दिशा निर्देश पर बाह्य सीमा चौकी ई समवाय की ओर से बेला कार्य क्षेत्र में नशा के खिलाफ जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से शनिवार को साइकिल जागरूकता रैली निकाली गई। बाह्य सीमा चौकी ई समवाय के प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार शर्मा के नेतृत्व में एसएसबी के जवानों और ग्रामीणों ने जागरूकता साइकिल रैली में भाग लिया।एसएसबी के जवानों ने नशा और नशीली दवाईयों के इस्तेमाल से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी और नशा से दूर रहने की आमजनों से अपील की। मौके पर नशा के दुष्प्रभाव को लेकर कार्यशाला का भी आयोजन किया गया।

# इजरायल-ईरान संघर्ष : परमाणु बम की बुनियाद पर

आनन्द अग्निहोत्री

**इस्राइली सेना ने बयान जारी कर ईरान को अपने अस्तित्व के लिए खतरा बताते हुए कहा है कि खुफिया जानकारी के अनुसार वो परमाणु हथियार हासिल करने के बेहद करीब है। इस्राइली सेना के प्रवक्ता बीजी एफी डेफिरन ने कहा, 'हम ईरानी शासन को ऐसे परमाणु हथियार हासिल करने की अनुमति नहीं दे सकते जिससे इस्राइल और दुनिया के लिए खतरा हो, इसलिए इस्राइल ने तैयारी के साथ ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला किया है'**

इजरायल और फिलस्तीन के बीच युद्ध का दौर एक सदी से भी पुराना है। पिछले वर्ष भी यह जारी था। इजरायल बराबर गाजा पर हमले कर रहा था। अचानक इस युद्ध की दिशा मुड़ जाती है।

इजरायल फिलस्तीन से टकराव को छोड़ कर अचानक ईरान की ओर मुड़ जाता है। फिर 13 जून को ईरान पर जबर्दस्त हवाई हमला करता है। सवाल उठता है कि यह इतना अचानक क्यों? विचारणीय बात यह है कि इजरायल क्यों इतनी खूरेजी पर आमादा हो गया। उसकी एयर स्ट्राइक का पहला निशाना ईरान के परमाणु क्षेत्र और परमाणु वैज्ञानिक थे। सेनाधिकारियों के अलावा ईरान के कई परमाणु वैज्ञानिक भी मारे गए। तो क्या इजरायली हमले का मकसद ईरान का परमाणु अनुसंधान रोकना है। अगर ईरान परमाणु हथियार बनाने के अनुसंधान में लगा है, तो इससे इजरायल का क्या नुकसान है?

इस सवाल का जवाब तलाश करने के लिए हम एक बार फिर लौटते हैं इजरायल-फिलस्तीन युद्ध की ओर। इस युद्ध का जनक ब्रिटेन था। उसने ही इजरायली और फिलिस्तीन के मुसलमानों के बीच जंग शुरू कराई। इजरायल में रहने वाले यहूदी मतावलंबी मुसलमानों से वैर मानते हैं। छोटा-सा इजरायल इसी कारण सारे मुस्लिम देशों से वैरभाव रखता है। ईरान भी उनमें एक है, और उसका पड़ोसी मुल्क है। अगर ईरान परमाणु शक्ति संपन्न हो जाता है तो निश्चित रूप से इजरायल के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। जाहिर है कि ऐसे में इजरायल उसे हर हाल में इस कोशिश से विफल करना चाहेगा।

